www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 92.955g
चांदी 91.500 kg

2 आपदा का रूप धारण करती लू, शारीरिक संकट ही नहीं, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक के लिए भी गंभीर मुद्दा
8 साल के बच्चे का खेत में मिला कंकाल 04

वर्ष :08 | अंक :286 | मुंबई ,मंगलवार ,08 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### किशोर की तालाब में डूबने से मौत

बलिया जिले में उभांव थाना क्षेत्र के बिल्थरारोड नगर में 15 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिल्थरारोड नगर के जहीरगंज मोहल्ले में पशुहारी मार्ग पर एक स्कूल के पीछे अल्तमस (15) रविवार को तालाब में नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने तालाब से अल्तमस का शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### गवाही वापस लेने से इनकार करने पर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या


मुजफ्फरनगर के छपार थाना क्षेत्र के बिजोपुरा गांव में हत्या के मामले में एक मुख्य गवाह पर कथित रूप से पांच लोगों ने गोलियां बरसा दीं जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सलमान (35) के रूप में हुई है जो अपने भाई जैद की हत्या के मामले में मुख्य गवाह था। चार साल पहले मेरठ में जैद की हत्या कर दी गई थी और यह मामला मेरठ की ही एक अदालत में लंबित है। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवव्रत बाजपेयी ने संवाददाताओं को बताया कि इरफान और उसके चार साथी कालिया, मोहम्मद अली, नैमुद्दीन और फाजिल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। ये सभी मेरठ जिले के निवासी हैं। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है। सलमान के भाई नौशाद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार आरोपी, सलमान पर गवाह के तौर पर अपना नाम वापस लेने का दबाव बना रहे थे लेकिन उनके भाई ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार को उसे बिजोपुरा गांव के जंगल में ले जाया गया, जहां उस पर गोलियां बरसा दी गईं। पुलिस ने बताया कि शव बरामद किए जाने के बाद रविवार को उसकी पहचान की गई।

# ट्रंप की वजह से शेयर बाजार में गिरावट:राहुल गांधी

**पटना में कहा- देश में गरीब, आदिवासी सेकंड सिटीजन; मोदी जी माय एक्सपेरिमेंट विथ लाइज लिखेंगे**

**मुलाकात**

पटना में राहुल गांधी ने कहा कि महागठबंधन बिहार के दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि मैं यूपी के सुल्तानपुर गया तो वहां जूते बनाने वाले रामचेत जी से मुलाकात हुई।



एजेंसी

बेगूसराय,पटन । सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंटस विथ ट्रुथ लिखा था।

मोदी जी शायद माय एक्सपेरिमेंटस विथ लाइज लिखेंगे।' शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा, 'अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ी दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है।'आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा, 'देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है। आज इस देश में आदिवासी, दलित सेकंड सिटिजन है।'राहुल गांधी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बेगूसराय में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में हिस्सा लिया। कन्हैया कुमार के साथ एक किलोमीटर पैदल यात्रा की।'

राहुल ने कहा है, 'देश में अगर आप दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, और महिला हो तो आप सेकेंड क्लास सिटीजन हैं। ये मैं ऐसे ही नहीं बोल रहा हूं। पढ़ लिखकर बोल रहा हूं। तेलंगाना में हमने जातीय गणना करवाई। उनका पूरा का पूरा डेटा हमारे पास है।इससे हम आपको आपका हक दिलवा सकते हैं। मोहन भागवत कहते हैं, जातीय गणना नहीं होनी चाहिए। अगर आपको चोट लगती है तो डॉक्टर कहता है कि एक्स-रे करो। इससे कुछ नुकसान नहीं होता। वहीं एक्स-रे हम कर रहे हैं।'

**एनडीए सरकार अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचा रही**

राहुल गांधी ने बिहार की नीतीश सरकार की आलोचना करते हुए कहा, 'बिहार में नीतीश सरकार जो काम कर रही है, उससे अडाणी-अंबानी को फायदा हो रहा है। हमारी सरकार आई तो हम लोगों के लिए काम करेंगे।'

**जातीय जनगणना नहीं चाहती आरएसएस -भाजपा, लेकिन हम करवा कर रहेंगे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जा रहा है। पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा की फर्जी बाधा को ध्वस्त कर देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित तेलंगाना में की गई कवायद की तरह जाति जनगणना देश के विकास मॉडल को बदल देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए जाति आधारित जनगणना के माध्यम से भारत का एक्स-रे कराएगी। जातीय जनगणना के जरिए हम आपको सबकुछ दिला सकते हैं। आरएसएस और भाजपा इसे रोकना चाहिए। लेकिन, दुनिया की कोई शक्ति इसे करने से नहीं रोक सकती है।

**मजदूरी करने वाले 90 फीसदी दलित-आदिवासी**

राहुल ने कहा, 'अगर आप मजदूरों की लिस्ट निकालो, घर में काम करने वालों की लिस्ट निकालो तो 90 फीसदी दलित, आदिवासी, गरीब हैं। तेलंगाना का पूरा का पूरा डेटा हमारे हाथ में है, जो मोदी जी आपको नहीं देना चाहते हैं। मैंने मोदी जी को संसद में सामने से बोला कि ये जो 50 फीसदी आरक्षण की फेक दीवार बना रखी है, जो आप नहीं तोड़ेंगे तो हम तोड़ कर रहेंगे। 10-15 लोग हैं, जिन्होंने पूरे कॉरपोरेट सेक्टर को पकड़ के रखा है।

# अमित शाह ने कठुआ में बीएसएफ जवानों की बहादुरी को सराहा ,शहीदों के परिजनों से की मुलाकात

**भूमिगत सीमापार सुरंगों का पता लगाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा**

गृह मंत्री ने बीएसएफ की उनके अथक परिश्रम, खासकर कठिन परिस्थितियों में, की प्रशंसा की और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनके प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगी।




गृह मंत्री ने बीएसएफ की उनके अथक परिश्रम, खासकर कठिन परिस्थितियों में, की प्रशंसा की और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनके प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि भूमिगत सीमापार सुरंगों का पता लगाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपने (सीमा सुरक्षा बलों ने) विपरीत परिस्थितियों में देश की सेवा की है। हम जो इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली स्थापित करना चाहते हैं, उससे आपको किसी भी घटना की स्थिति में सूचना प्राप्त करने और प्रतिक्रिया करने में मदद मिलेगी और सीमा सुरक्षा मजबूत होगी।

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कठुआ सीमा चौकी का दौरा किया, जहां उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर आए शाह ने इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली के कार्यान्वयन सहित उन्नत प्रौद्योगिकियों के साथ सीमा सुरक्षा को आधुनिक बनाने के महत्व पर जोर दिया। कठुआ में विनय सीमा चौकी पर बीएसएफ जवानों से बात करते हुए शाह ने सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जम्मू-कश्मीर सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। शाह की यात्रा के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण सहायक कमांडेंट विनय प्रसाद को श्रद्धांजलि देना था, जिनके नाम पर कठुआ सीमा चौकी का नाम रखा गया है। 15 जनवरी, 2019 को पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा बीएसएफ पार्टी पर की गई गोलीबारी में प्रसाद की दुखद मौत हो गई थी। उस समय तटबंध परियोजना की निगरानी कर रहे अधिकारी ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन उन्हें घातक चोटें आईं। शाह ने शहीद अधिकारी के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की और प्रसाद की बहादुरी और अंतिम बलिदान को श्रद्धांजलि दी। शाह ने क्षेत्र में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाने वाले पुलिस कर्मियों के परिवारों से भी मुलाकात की।

# चीफ जस्टिस पर फूटा ममता बनर्जी का गुस्सा

**मुझे जेल जाने की परवाह नहीं**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रूप में अपनी नौकरी खोने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कृपया यह मत समझिए कि हमने इसे स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं हैं, और ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है।




एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त शिक्षकों के एक वर्ग से मुलाकात की और उनका समर्थन करने की कसम खाई और आश्वासन दिया कि योग्य उम्मीदवार बेरोजगार नहीं रहेंगे। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2016 के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती के माध्यम से की गई 25,752 स्कूल नौकरियों की नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद हुआ है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रूप में अपनी नौकरी खोने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कृपया यह मत समझिए कि हमने इसे स्वीकार कर लिया है।

# यूपी पुलिस को मिलना चाहिए सबक :सुप्रीम कोर्ट

**इन्वेस्टिगेंटिंग ऑफिसर पर क्रिमिनिल केस बनाओ...', भड़के सीजेआई , दी चेतावनी**

**पुलिस पर लगेगा जुर्मान...**

सीजेआई संजीव खन्ना ने आगे यह भी कहा कि वह डीजीपी से भी कहेंगे कि इस मामले को देखें क्योंकि ये बहुत ही गलत है। अगर अब फिर से इस तरह का कोई मामला आया, तो पुलिस पर जुर्माना लगाएंगे।

एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने सोमवार यानी की 7 अप्रैल 2025 को यूपी में सिविल मुकदमों के क्रिमिनल केस में तब्दील किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। न्यायाधीश संजीव का कहना है कि उत्तर प्रदेश में आए दिन मामलों को आपराधिक मुकदमों में बदले जा रहा है। न्यायाधीश ने यूपी पुलिस को फटकार लगाई और चेतावनी दी है कि अगर आगे से ऐसा फिर हुआ तो जुर्मान लगाया जाएगा। उखक ने यह भी कह दिया कि इन्वेस्टिगेंटिंग ऑफिसर को कटघरे में खड़ा करो और उसपर क्रिमिनल केस बनाओ। अधिकारियों को भी तो सबक मिलना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट एक मामले की सुनवाई कर रहा था। यूपी पुलिस ने जहां सिविल केस को आपराधिक मामले में बदल दिया था। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं माना जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि ये बहुत ही बेतुकी बात है और वह डिप्टी जनरल ऑफ पुलिस से भी कहेंगे कि यूपी में ये जो हो रहा है, वह उसमें कुछ न कुछ करें। सीजेआई ने आगे इस तरह के मामलों में पुलिस पर जुर्माना लगाने की भी चेतावनी दी है।

# बड़े शहरों में अक्सर ऐसा होता रहता है

**यौन उत्पीड़न के वीडियो पर कर्नाटक के गृह मंत्री का बयान**

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की घटनाएं बड़े शहरों में यहां-वहां होती रहती हैं। जो भी कानूनी कार्रवाई की जानी है, वह कानून के अनुसार की जाएगी।

एजेंसी




कर्नाटक ।कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने हाल ही में बेंगलुरु में हुई छेड़छाड़ की घटना को कमतर आंकने के लिए तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं बड़े शहरों में होती रहती हैं। यह टिप्पणी सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आई है, जिसमें 3 अप्रैल की सुबह भारती लेआउट, सुद्दागुंटेपल्या में एक सुनसान सड़क पर एक महिला के साथ छेड़छाड़ होती दिखाई दे रही है। वीडियो में एक व्यक्ति एक महिला को जबरन दीवार की ओर धकेलता हुआ दिखाई दे रहा है और फिर वह घटनास्थल से भाग जाता है, जबकि दूसरी महिला उसके बगल में चल रही है।घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की घटनाएं बड़े शहरों में यहां-वहां होती रहती हैं।

# औरंगजेब को न मानने वालों का संघ में स्वागत:संघ प्रमुख मोहन भागवत

**कहा-भारतीयों की पूजा पद्धति अलग, संस्कृति एक; काशी से 4 बड़े मैसेज**

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारतीयों की धार्मिक प्रथाएं भले ही अलग-अलग हों, लेकिन उनकी संस्कृति एक ही है। उन्होंने कहा कि भारत में सभी धर्मों, संप्रदायों और जातियों के लोगों का शाखाओं में स्वागत है।

एजेंसी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस शाखा में हर किसी का स्वागत है बशर्ते व्यक्ति खुद को भारतीय मानता हो और भारत माता के प्रति सम्मान रखता हो। उन्होंने कहा कि शाखाएं उन सभी का स्वागत करेंगी जो 'भारत माता की जय' नारे और 'भगवा झंडा' का सम्मान करते हैं। हम आपको बता दें कि मोहन भागवत इस समय वाराणसी के दौरे पर हैं। रविवार को संघ प्रमुख वाराणसी शहर के मलदहिया के लाजपत नगर पार्क में आरएसएस की शाखा में शामिल होने पहुंचे। स्वयंसेवकों ने उनसे सवाल पूछा कि क्या वह अपने मुस्लिम पड़ोसियों को भी शाखा ला सकते हैं? इसका जवाब देते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो कोई भी भारत माता की जय कहता है, उसका देश भर की शाखाओं में स्वागत है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शाखा उन लोगों के लिए नहीं है जो खुद को औरंगजेब का वंशज मानते हैं। उन्होंने कहा कि शाखा में जाति, धर्म या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारतीयों की धार्मिक प्रथाएं भले ही अलग-अलग हों, लेकिन उनकी संस्कृति एक ही है। उन्होंने कहा कि भारत में सभी धर्मों, संप्रदायों और जातियों के लोगों का शाखाओं में स्वागत है।

# उपभोक्ताओं को लगा झटका, एलपीजी सिलेंडर के दाम में हुई 50 रुपए की बढ़ोतरी

**पेट्रोल-डीजल पर बढ़ाई गई एक्साइज ड्यूटी**

आदेश में कहा गया है कि केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम 1944 की धारा 5एऔर वित्त अधिनियम 2002 की धारा 147 के दायरे में केंद्र सरकार द्वारा जनहित में शुल्क में वृद्धि की गई है . इंडस्ट्री सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हालांकि, उत्पाद शुल्क में वृद्धि की गई है, लेकिन वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट के कारण खुदरा कीमतों में वृद्धि की संभावना नहीं है .

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार यानी की 7 अप्रैल 2025 को तेल के दाम बढ़ाने का बड़ा ऐलान कर दिया है। केंद्र सरकार की ओर से पेट्रोल-डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में 2 रुपये की बढ़ोतरी की गई है. नई दरें आज रात 12 बजे से लागू किया जाएगा। वहीं सरकार ने आम लोगों को एक बड़ा झटका भी दे दिया है। अब एलपीजी सलेंडर के दामों में 50 रूपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। जो गैस सलेंडर आपको 803 का मिलता था वो अब 853 का हो गया है। आपको बता दें कि अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर के चलते सोमवार की सुबह शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। शेयर मार्केट में सेंसेक्स तीन हजार पॉइंट से ज्यादा गिर गया।

**प्रमुख शहरों में घरेलू LPG गैस सिलेंडर की कीमत**

| शहर | पुराने दाम (रुपए में) | नए दाम (रुपए में) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 803.00 | 853.00 |
| मुंबई | 802.50 | 852.50 |
| कोलकाता | 829.00 | 879.00 |
| चेन्नई | 818.50 | 868.50 |
| भोपाल | 808.50 | 858.50 |
| जयपुर | 806.50 | 856.50 |
| पटना | 901.00 | 951.00 |
| रायपुर | 874.00 | 924.00 |



**853 का मिलेगा सिलेंडर**

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि वितरण कंपनियों ने रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। मंत्री हरदीप सिंह ने कहा कि यह बढ़ोतरी उज्ज्वला योजना और सामान्य उपभोक्ताओं दोनों के लिए लागू होगी। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी।

**पलटवार** आप के आरोपों पर भी पलटवार

# प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी पर रेखा गुप्ता सरकार सख्त

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने पिछली आप सरकार पर आरोप लगाया कि जब उनके कार्यकाल में कुछ स्कूलों ने फीस बढ़ाई थी, तब भी वे आंखें मूंदे बैठी थीं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सूद ने कहा कि ऐसे स्कूलों की सूची तैयार कर ली गई है और उनमें से प्रत्येक का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आशीष सूद ने बताया कि दिल्ली में 1,677 निजी स्कूल हैं, जिनमें से 335 सरकारी जमीन पर हैं। 114 स्कूलों को दिल्ली स्कूल अधिनियम 1973 के अनुसार राज्य सरकार से अनुमति लेने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। दिल्ली स्कूल की फीस बढ़ाने के लिए हमें दोषी ठहराया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 2004 के मॉडर्न स्कूल मामले में आदेश पारित किया था कि दिल्ली के स्कूल अपनी फीस बढ़ाने से पहले शिक्षा निदेशालय से अनुमति लेने के लिए बाध्य हैं। लेकिन उन्होंने ( आप ) 2024 में दिल्ली उच्च न्यायालय में इस आदेश को खारिज करवा लिया। मंत्री ने आगे कहा कि रेखा गुप्ता ऐसे मामलों में भ्रष्टाचार की जांच करेंगी, जहां अंडर टेबल पैसे लिए गए। उनका आरोप है कि हमने एहल्कन इंटरनेशनल स्कूल की फीस बढ़ाई। इस स्कूल में 15 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार पकड़ा गया, और फिर भी इसे उसी साल ( 2022-23 ) 15% फीस बढ़ाने की अनुमति दी गई और 2024-25 में इसने 13% फीस बढ़ा दी... इस दौरान आतिशी मुख्यमंत्री थीं। एंजल पब्लिक स्कूल ने 2022-23 में 14% फीस बढ़ा दी, लेकिन कोई जांच नहीं हुई।

आशीष सूद ने बताया कि दिल्ली में 1,677 निजी स्कूल हैं, जिनमें से 335 सरकारी जमीन पर हैं। 114 स्कूलों को दिल्ली स्कूल अधिनियम 1973 के अनुसार राज्य सरकार से अनुमति लेने के लिए बाध्य नहीं किया गया है।

आप पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि वे सलवान पब्लिक स्कूल का नाम ले रहे हैं, जो 1.66 करोड़ रुपये की हेराफेरी में पकड़ा गया, जिसने 2023-24 में 23.84% और 2024-25 में 14.68% फीस बढ़ा दी... लांसर्स कॉन्वेंट स्कूल ने भी कथित तौर पर 4 करोड़ रुपये भ्रष्टाचार के रूप में खर्च किए और इसने 2024-25 में 34% फीस बढ़ा दी और पिछली सरकार ने कोई जांच नहीं की। सभी 1,677 स्कूलों का ऑडिट होना चाहिए, जबकि पिछले 10 वर्षों से सालाना केवल 75 स्कूलों का ऑडिट हुआ है। पहली बार सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई जाएगी और सभी स्कूलों का ऑडिट किया जाएगा और अगर कोई स्कूल किसी भी मापदंड पर खरा नहीं उतरता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राजधानी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद निजी स्कूलों ने मनमानी फीस वृद्धि की है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कई स्कूलों ने भाजपा के प्रोत्साहन से, बिना उचित निगरानी के अपनी ट्यूशन फीस में मनमानी वृद्धि की।

# आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत, हाई कोर्ट ने अर्जी को किया स्वीकार

एजेंसी

जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय ने सोमवार को बलात्कार के एक मामले में स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम की अंतरिम जमानत 1 जुलाई तक बढ़ा दी। 31 मार्च को अपनी अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद आसाराम ने 1 अप्रैल को जोधपुर सेंट्रल जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था। न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और विनीत कुमार की खंडपीठ ने आसाराम के अनुरोध को स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित शर्तों को बरकरार रखा।

इन शर्तों में प्रवचन देने या अपने अनुयायियों के साथ सभा करने पर प्रतिबंध शामिल है। आसाराम की याचिका पर 2 अप्रैल को सुनवाई हुई, जिस दौरान प्रतिवादी के वकील पी.सी. सोलंकी ने जमानत अवधि बढ़ाने पर आपत्ति जताते हुए तर्क दिया कि आसाराम ने इंदौर स्थित अपने आश्रम में अपने भक्तों के लिए प्रवचन आयोजित करके अपनी जमानत शर्तों का उल्लंघन किया है। सोलंकी ने अपने दावों के समर्थन में अदालत में वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके बाद अदालत ने आसाराम से हलफनामा मांगा। आसाराम के वकील निशांत बोरा ने पुष्टि की कि हलफनामा सोमवार को प्रस्तुत किया गया था और कहा कि अदालत ने हलफनामा स्वीकार कर लिया और 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत बढ़ाने के हमारे अनुरोध को स्वीकार कर लिया। अपने आत्मसमर्पण के बाद, आसाराम को 1 अप्रैल की रात को एक निजी आयुर्वेद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले उन्हें सूरत में एक अलग बलात्कार मामले में गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा 28 मार्च को तीन महीने के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी।



आसाराम की याचिका पर 2 अप्रैल को सुनवाई हुई, जिस दौरान प्रतिवादी के वकील पी.सी. सोलंकी ने जमानत अवधि बढ़ाने पर आपत्ति जताते हुए तर्क दिया कि आसाराम ने इंदौर स्थित अपने आश्रम में अपने भक्तों के लिए प्रवचन आयोजित करके अपनी जमानत शर्तों का उल्लंघन किया है। सोलंकी ने अपने दावों के समर्थन में अदालत में वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके बाद अदालत ने आसाराम से हलफनामा मांगा।

## सम्पादकीय

### शोध और विकास की प्राथमिकता, भारत की वैश्विक आपूर्ति शृंखला में पैठ मजबूत

चीन की चमत्कृत करने वाली प्रगति में उसके दूरगामी सोच की अहम भूमिका रही है। चीन ने शोध एवं विकास यानी आरएंडडी में काफी पहले से निवेश करना आरंभ कर दिया था। इससे कम लागत में प्रतिस्पर्धी उत्पाद तैयार करने की उसने जो क्षमता हासिल की उससे वह वैश्विक विनिर्माण बाजार का सिरमौर बन गया ।चीन ने सरकारी स्वामित्व वाले उपक्रमों की व्यवस्था से नवाचार केंद्रित आर्थिकी की ओर कदम बढ़ाने आरंभ किए। इसका परिणाम हुआवे, अलीबाबा और बीआइडी जैसी दिग्गज कंपनियों के रूप में सामने आया। ऐसी कंपनियों की सूची अंतहीन दिखती है। चीन अपनी जीडीपी का 2.6 प्रतिशत आरएंडडी पर खर्च करता है जो दशार्ता है कि वह भविष्य की अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए कितना गंभीर है ।भारत ने भी बीते एक दशक के दौरान इस मोर्चे पर काफी प्रगति की है, लेकिन निवेश एवं उत्पादन के लिहाज से वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में यह अभी भी अपर्याप्त है। भारत अपनी जीडीपी का केवल 0.64 से 0.7 प्रतिशत तक आरएंडडी पर निवेश कर रहा है। चीन का तो ऊपर उल्लेख है ही, जबकि अमेरिका भी अपनी जीडीपी का 3.47 प्रतिशत आरएंडडी पर खर्च करता है ।ये दोनों ही अर्थव्यवस्थाएं भारत की तुलना में बहुत बड़ी हैं तो कुल राशि कितनी विशाल होगी, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। स्पष्ट है कि इस महत्वपूर्ण मद में सीमित निवेश भारत की संभावनाओं को प्रभावित कर रहा है। सीमित निवेश के बावजूद प्रदर्शन को देखा जाए तो वैश्विक नवाचार परिदृश्य पर भारत ने अपनी छाप छोड़ी है ।ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की 133 देशों की सूची में 2015 में 81वें स्थान पर रहने वाला भारत 2024 में 39वें पायदान पर पहुंच गया। प्रदर्शन में यह उल्लेखनीय सुधार भारत के विस्तार लेते डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, अकादमिक जगत एवं उद्योग जगत के बीच बेहतर होते जुड़ाव और तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को दशार्ता है। हालांकि इस प्रगति में वित्तीय प्रतिबद्धताएं अपेक्षित रूप से मेल नहीं खा रही हैं ।ऐसे में, निजी क्षेत्र को निवेश बढ़ाना होगा। सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से आरएंडडी में अभी निजी निवेश करीब 36.4 प्रतिशत के आसपास है जबकि अमेरिका और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में निजी क्षेत्र का यह योगदान 75 से 77 प्रतिशत के दायरे में है। ऐसे में निजी क्षेत्र की सक्रिय सहभागिता के बिना औद्योगिक क्रांति के मामले में अनुकूल परिणाम प्राप्त होने संभव नहीं ।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बीते दिनों चीन से तुलना करते हुई भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को सही आईना दिखाया है। भारतीय इकोसिस्टम के रुख-रवैये पर उनकी चिंता वाजिब है।

## आज का विचार

भारत संवाद

बिना कुछ चुकाए अगर कुछ पाना है
तो सिर्फ आपको मां बाप का प्यार मिल सकता है
बाकी हर चीज के लिए
कुछ न कुछ चुकाना जरूर पडेगा




**मेष राशि:** दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है. आपको व्यापार में अच्छा लाभ मिलने की संभावना बनती दिख रही है और आप साझेदारी में किसी डील को फाइनल कर सकते हैं. आपके प्रियजनों से यदि संबंधों में कटुता आ गई थी, तो वह दूर होगी और रक्त संबंधी रिश्तों पर आप पूरा जोर देंगे.

**वृषभ राशि :** आपके लिए लेनदेन के मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा. आप किसी काम में उसके नीति नियमों पर पूरा ध्यान दें. आपके आवश्यक काम गति पकड़ सकते हैं. आपको विपक्षियों से सावधान रहने की आवश्यकता है. व्यवसाय से जुड़े लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है.

**मिथुन राशि :** दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में शामिल होंगे, तो उसमें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी. आप अपनी सूझबूझ और बुद्धिमानी से किसी बड़े लक्ष्य में सफलता हासिल कर सकते हैं. आपको घर परिवार में चल रही समस्याओं को लेकर अपने बड़े सदस्यों से बातचीत करनी होगी.

**कर्क राशि:** आपके लिए भौतिक वस्तुओं पर फोकस बनाए रखने के लिए रहेगा. धार्मिक कार्यों में आपकी पूरी आस्था रहेगी, लेकिन आपकी सुख-सुविधाओं की वस्तुओं में इजाफा होगा. आपके करीबियों की तरफ आपका पूरा रुझान रहेगा. संस्कारों में परंपराओं पर आप पूरा फोकस लगाएंगे और अपने करीबियों के साथ आप कुछ पुरानी यादे ताजा करेंगे.

**सिंह राशि :** आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है. आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे. आप सामाजिक कार्यों पर पूरा फोकस बनाए रखेंगे. आप अपने बिजनेस के लिए कोई आवश्यक जानकारी आसानी से जुटा पाएंगे. पारिवारिक विषयों पर आपको पूरा ध्यान देना होगा.

**कन्या राशि:** आपके लिए आनंदमय रहने वाला है. आप अपने वाणी और व्यवहार से कार्यक्षेत्र में लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे. आपके बॉस भी आपकी बातों से प्रसन्न रहेंगे.

**तुला राशि :** दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा. आपको संतान से उनके मन में चल रही इच्छाओं को जानने की कोशिश करनी होगी. आपका कोई मित्र आपके घर दावत पर आ सकता है. विभिन्न क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे.

**वृश्चिक राशि :** दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा. बिजनेस में आप किसी के कहने में आकर धन का निवेश न करें, नहीं तो बाद में वह आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है. आपके बढ़ते खर्च आपका सिरदर्द बनेंगे. आपको लोगों की नजरों को पहचानना होगा.

**धनु राशि :** दिन आपके लिए एक के बाद एक खुशखबरी लेकर आने वाला है. शासन व सत्ता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, जिसके कारण आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा पायेंगे, लेकिन यदि आप नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं, तो आपकी वह इच्छा पूरी हो सकती है.

**मकर राशि :** दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आएगा. कला कौशल में सुधार लेकर आएगा. आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी. दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी. आपकी पद प्रतिष्ठा बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे. आपके सोचे समझे सभी काम पूरे होंगे.

**कुंभ राशि :** दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है. किसी नए काम की शुरूआत करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा. यदि आपके कामों में कुछ अवरोध आ रहे थे, तो वह दूर होंगे. आध्यात्म का भी आपको पूरा साथ मिलेगा.

**मीन राशि:** आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधानी बरतने के लिए रहेगा. आप बहुत ही सूझबूझ से अपने कामों में आगे बढ़े

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# आपदा का रूप धारण करती लू, शारीरिक संकट ही नहीं, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक के लिए भी गंभीर मुद्दा

> यदि लू के प्रकोप से बचना है तो कस्बा-ग्राम स्तर पर परिवेश को पर्यावरण अनुकूल बनाने के प्रयास करने होंगे क्योंकि बढ़ते तापमान से स्वास्थ्य प्रणाली पर हानिकारक असर हो रहा है। सरकारी या निजी क्षेत्र में काम के समय को सुबह दस बजे तक और फिर शाम को पांच बजे से करने की योजना बनानी होगी। देश में हरियाली बढ़ानी होगी और जल स्रोतों का संरक्षण करना होगा।

इस बार अप्रैल की शुरूआत में ही गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। कई राज्य सरकारों ने लू को लेकर चेतावनी जारी की है, लेकिन उनमें लू लगने के बाद इलाज के लिए अस्पताल में व्यवस्था आदि पर ज्यादा जोर है। लू से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी कर इससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा है। हालांकि इस तरह की योजनाएं हर साल बनती हैं। इसके बावजूद लोगों की मौत हो जाती है ।केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक स्थायी समिति ने सुझाव दिया है कि नई उभरती आपदाओं में लू को भी शामिल किया जाए। समिति का कहना है कि देश में वर्ष 2013 के बाद दस वर्षों में 10,635 लोग लू से मारे गए और अब इसका असर व्यापक होता जा रहा है। 2020 से 2022 के बीच देश में हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली मौतों की संख्या 530 से 730 हो गई। लू केवल इंसान को शारीरिक संकट ही नहीं देती है, बल्कि यह निम्न वर्ग, खुले में काम करने वाले जैसे-यातायात पुलिस, गिग-वर्कर, रेहड़ी-रिक्शा चलाने वालों के साथ-साथ किसानों और मजदूरों पर भी सामाजिक-आर्थिक रूप से विपरीत प्रभाव डालती है ।लू आमतौर पर रुकी हुई हवा की वजह से होती है। उच्च दबाव प्रणाली हवा को नीचे की ओर ले जाती है। यह नीचे




बहती हुई हवा एक टोपी की तरह काम करती है। यह गर्म हवा को एक जगह पर जमा कर लेती है। हवा के चले बिना बारिश नहीं हो सकती है। शहरों में बढ़ रहे कंक्रीट के जंगल भी इन गर्म हवाओं की घातकता को बढ़ा रहे हैं। गर्म हवा को और गर्म होने से रोकने के लिए कोई उपाय नहीं होता है। मानव शरीर का औसत तापमान 37 डिग्री सेल्सियस होता है। जब बाहर का तापमान 40 से अधिक हो और हवा में बिल्कुल नमी नहीं हो तो यह घातक लू में बदल जाती है ।पांच साल पहले केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ह्यजलवायु परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्टह्ण में आगाह किया गया था कि 2100 के अंत तक भारत में गर्मियों (अप्रैल-जून) में चलने वाली लू या गर्म हवाएं तीन से चार गुना अधिक हो सकती हैं। इनकी औसत अवधि भी दोगुनी होने का अनुमान है। वैसे तो लू का असर पूरे देश में ही बढ़ेगा, मगर घनी आबादी वाले गंगा नदी बेसिन के इलाकों में इसकी मार ज्यादा तीखी होगी। इसमें चेताया गया है कि बीते छह दशकों के दौरान बढ़ती गर्मी और मानसून में कम बरसात के चलते देश में सूखा-ग्रस्त इलाकों में इजाफा हो रहा है। यह चिंताजनक है कि सूखा प्रभावित क्षेत्र में प्रति दशक 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है ।इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से तैयार जलवायु पारदर्शिता रिपोर्ट, 2022 का कहना है कि 2021 में भीषण गर्मी के चलते भारत में सेवा, विनिर्माण, खेती और निर्माण क्षेत्रों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। गर्मी बढ़ने के चलते 167 अरब घंटे संभावित श्रम का नुकसान हुआ, जो 1999 के मुकाबले 39 प्रतिशत अधिक है। इस रिपोर्ट के अनुसार तापमान में डेढ़ प्रतिशत का इजाफा होने पर बाढ़ से हर साल होने वाला नुकसान 49 प्रतिशत बढ़ सकता है ।वहीं चक्रवात से होने वाली तबाही में भी इजाफा होगा। इसी क्रम में लैंसेट काउंट डाउन की रिपोर्ट कहती है कि भारत में वर्ष 2000-04 और 2017-21 के बीच भीषण गर्मी से होने वाली मौतों की संख्या 55 प्रतिशत बढ़ी। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर बताया कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक आर्थिक नुकसान होता है। आर्थिक रूप से संपन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते ।इसके बावजूद आखिर अभी तक हम लू से बचने की कोई माकूल कार्ययोजना क्यों नहीं बना पाए हैं? अहमदाबाद नगर निगम अपने सभी बाग-बगीचे दिन में एक से पांच बजे तक रेहड़ी, पटरी और अन्य खुले में काम करने वालों के लिए खोल देता है। इससे खुले में काम करने वालों को लू के चरम प्रभाव वाले समय में पेड़ों की छांव में रहने का अवसर मिल जाता है। हाल में मुंबई में भी सड़क पर व्यवसाय करने वालों ने ऐसे ही पार्क को खोलने की मांग की हैयह एक छोटा-सा प्रयोग है जिसमें बगैर किसी अतिरिक्त खर्च के मौजूदा संरचना में ही लू की मार से बचने में मदद मिलती है। ओडिशा के कुछ शहरों में ट्रैफिक रेड लाइट पर हरा पारदर्शी शेड लगाया गया है, जिससे दोपहिया चालकों को कुछ राहत मिलती है। इसके अलावा सार्वजनिक प्याऊ अधिक से अधिक खोलना भी लू को बड़ी टक्कर दे सकता है। यह तय है कि जिस तरह मौसम का मिजाज बदल रहा है, उससे मौसम का अनियमित और चरम स्वरूप जैसे कि तापमान में वृद्धि को झेलना ही है ।यदि लू के प्रकोप से बचना है तो कस्बा-ग्राम स्तर पर परिवेश को पर्यावरण अनुकूल बनाने के प्रयास करने होंगे, क्योंकि बढ़ते तापमान से स्वास्थ्य प्रणाली पर हानिकारक असर हो रहा है। सरकारी या निजी क्षेत्र में काम के समय को सुबह दस बजे तक और फिर शाम को पांच बजे से करने की योजना बनानी होगी। मेहनतकश और खुले में काम करने के लिए मजबूर लोगों के लिए शेड, पंखे आदि की व्यवस्था के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवा की योजना भी जरूरी है। देश में हरियाली बढ़ानी होगी और जल स्रोतों का संरक्षण करना होगा।

# गहराता जल संकट, बढ़ती मुश्किलें

विजय गर्ग

भारत में जल संकट बड़ी समस्या बन चुका है। इससे हर साल करोड़ों लोग प्रभावित होते हैं। गर्मियों की आहट के साथ ही यह संकट बढ़ जाता है। गांवों से लेकर महानगरों तक पानी के लिए लिए त्राहि-त्राहि मचने लगती है। यह संकट न केवल ग्रामीण और शहरी आबादी के लिए गंभीर चुनौती है, बल्कि कृषि पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। लगातार गिरता भूजल स्तर, जल संसाधनों की बबादी, बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन इस संकट को और अधिक विकराल बना रहे हैं। जाहिर है, अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। पूरी दुनिया में साल-दर-साल पानी की किल्लत बढ़ रही रही है। धरती पर जितना पानी उपलब्ध है, उसमें से सिर्फ 2.5 फीसद मीठा पानी है और इसमें से भी मात्र एक फीसद मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। विश्व के जल संसाधनों में भारत की हिस्सेदारी चार फीसद है। देश में उपलब्ध जल का लगभग 80 फीसद कृषि क्षेत्र में उपयोग किया जाता है। कृषि के अलावा बिजली उत्पादन, उद्योग और घरेलू जरूरतों के लिए जल की उपलब्धता आवश्यक है। मगर जरूरत के हिसाब से जल संसाधन सीमित हैं। पानी के कुशल प्रबंधन से ही सभी को इसकी आपूर्ति संभव है। समय-समय पर हुए अध्ययनों और सर्वेक्षण रपटों में भारत में जल संकट को चिंताजनक बताया जाता रहा है। अमेरिका स्थित विश्व संसाधन संस्थान की ओर से प्रकाशित आंकड़ों से पता चलता है कि विश्व में जो सत्रह देश सर्वाधिक जल संकट झेल रहे हैं, भारत उनमें तेरहवें स्थान पर है ।वर्ष 2019 में जारी नीति आयोग की रपट के मुताबिक देश की 60 करोड़ से अधिक आबादी पानी की गंभीर किल्लत झेल रही है और हर वर्ष लगभग दो लाख लोग असुरक्षित जल



पीने से मर जाते हैं। 75 फीसद आबादी को पीने के पानी के लिए दूर तक जाना पड़ता है। इस रपट में नीति आयोग ने चेताया था कि 2030 तक देश में जल की मांग आपूर्ति के मुकाबले दोगुनी होने का अनुमान है। इससे करोड़ों लोगों के सामने जल संकट की स्थिति उत्पन्न होगी। बड़ा सवाल यह है कि इस रपट के छह साल बाद हमने जल संकट को कम करने की दिशा में क्या कदम उठाए हैं? देश में जल संकट गहराने के कई कारण हैं। हमें पता है कि पानी सीमित है, फिर भी उसे बूंद-बूंद बचाने के बजाय हम उसे व्यर्थ बहा रहे हैं। देश की तेजी से बढ़ती आबादी के कारण पानी की मांग बढ़ती रही है, लेकिन जल संसाधनों का उतनी ही अधिक तेजी से क्षय हो रहा है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा भूजल निकालने वाला देश है। कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग के लिए भूजल का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है, जिससे भूजल स्तर गिरता जा रहा है। नदियों, झीलों और भूजल में औद्योगिक कचरे, रसायनों और प्लास्टिक के बढ़ते स्तर के कारण पीने योग्य पानी की लगातार कमी आ रही है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की शोध रपट से पता चलता है कि समूचे देश में भूजल प्रदूषण चिंताजनक रूप से बढ़ गया है। इनमें से अधिकतर इलाकों में नाइट्रेट का स्तर बहुत अधिक है। यह रासायनिक प्रदूषक पर्यावरणीय समस्याएं पैदा करता है। इससे खासकर, छोटे बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा है। बढ़ते तापमान और अनियमित मानसून के कारण कई क्षेत्रों में सूखा और बाढ़ की स्थिति बन रही है देश में सदियों से जल संरक्षण के लिए पारंपरिक तरीके इस्तेमाल किए जाते रहे हैं, जो आज भी प्रासंगिक और कारगर हैं। तालाब, बावड़ियां और कुंड जैसी जल संरचनाएं वर्षा जल को संचित करने में हमेशा मददगार रही हैं। हमारे यहां वैज्ञानिक ढंग से बनाए गई झीलें और तालाब ग्रामीण जल आपूर्ति का आधार रहे हैं। देश के सभी क्षेत्रों में लोगों ने जल संरक्षण के कोई न कोई उपाय विकसित किए। आज बढ़ते जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण के पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों को एक साथ अपनाने की जरूरत है। देश जल संचय के प्रभावी साधन के तौर पर स्वीकार किए गए कुओं, बावड़ियों, तालाबों, जोहड़ों और झीलों की फिक्र करना हमने छोड़ दिया है। जल संरक्षण और पारंपरिक जलस्रोतों की सार-संभाल हमारी समृद्ध परपंरा रही है, पर हाल के दशकों में अपने पुरखों की इस परपंरा को बिसरा दिया है।

भारत में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इसे हल करने के लिए प्रभावी उपायों की आवश्यकता है। इसके लिए वर्षा जल संचय को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि बारिश का पानी व्यर्थ न जाए और भूजल स्तर बढ़े। बूंद-बूंद और फव्वारा सिंचाई जैसी कृषि तकनीकों को अपना कर पानी की बबादी रोकी जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में औद्योगिक और घरेलू जल का पुनः उपयोग करने के लिए जल पुनर्चक्रण और अपशिष्ट जल उपचार अनिवार्य किया जाना चाहिए। घरेलू स्तर पर नल बंद रखने, कपड़े और बर्तन धोने में कम पानी का उपयोग करने जैसी कम पानी की खपत करने वाली आदतों को अपनाना होगा। कम पानी में उपजने वाली फसलों, जैसे बाजरा, ज्वार और दालों के उत्पादन को बढ़ावा देना होगा।

जल संकट के समाधान के लिए सरकार कई योजनाओं पर काम कर रही रही है। । केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल जल उपलब्ध का लक्ष्य रखा है। गंगा नदी के पुनर्जीवन के लिए नमामि गंगे योजना के तहत काम किया रहा है। । भूजल स्तर में में सुधार के लिए अटल भूजल योजना में देश भर काम किया जा रहा । हाल में सरकार ने लोकसभा में बताया कि वह सात राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों में जल संकट से ग्रस्त क्षेत्रों में अटल भूजल योजना' लागू कर रही है, जिसका उद्देश्य सतत भूजल प्रबंधन के माध्यम से भूजल स्तर में गिरावट को रोकना है। अमृत सरोवर योजना के तहत भी गांव- गांव में यह काम किया जा रहा है।

सरकार के प्रयास अपनी जगह हैं, लेकिन यह काम सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। जल संकट का समाधान तभी हो सकता है, जब आम आदमी भी पहल करे। सरकार कई बार कह चुकी है कि देश में पानी की कमी नहीं है, पर पानी का प्रबंधन एक बड़ा मसला है। यह काम जनता की भागीदारी से ही किया जा सकता है। नागरिकों को पानी की बचत और पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए जागरूक करना होगा। यदि जल संसाधनों की बबादी नहीं रोकी गई और पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों को पुनर्जीवित नहीं किया गया, तो भविष्य में स्थिति और भयावह हो सकती है।

# दिशाहीन भीड़ की मानसिकता से समाज को सर्वाधिक खतरा

संजीव ठाकुर

सामाजिक सरोकार के परिवर्तन और उसके विरोध से उठे सवालों से सहमति और असहमति से उपजे असंतोष से भिड़ तंत्र द्वारा हिंसक अहिंसक प्रदर्शन से मानवता और सामाजिक एकरसता को सबसे बडा खतरा जन्म लेता जा रहा है यह राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन का विषय बन चुका है। आज देश के लगभग अधिकतर राज्यों में चुनाव की प्रतिस्पर्धा और धार्मिक उन्माद से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर, पश्चिम बंगाल और संभल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों और अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है । भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग। वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है, आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है ।भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

# कुणाल कामरा को मद्रास हाई कोर्ट से बड़ी राहत, स्टैंड-अप कॉमेडियन की अंतरिम जमानत बढ़ी

- कुणाल कामरा को हाई कोर्ट से मिली गिरफ्तारी पर राहत
- कामरा ने परफॉर्मेंस के बाद मिल रही धमकियों का किया जिक्र



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः चेन्नैः स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मद्रास हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक को 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। कामरा ने यह राहत अपनी एक परफॉर्मेंस के बाद मिल रही धमकियों के चलते मांगी थी। उन्होंने मुंबई के हैबिटेट स्टूडियो में एक शो किया था। इसके बाद उन्हें धमकियां मिल रही थीं। दरअसल, कुणाल कामरा ने बॉलीवुड फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक गाने 'भोली सी सूरत' की पैरोडी बनाई थी। इस पैरोडी में उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित तौर पर निशाना साधा था। इसके बाद उनके खिलाफ कई दर्ज कराई गईं। इस विवाद के बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना युवा शाखा, युवा सेना ने हैबिटेट कॉमेडी वेन्यू में तोड़फोड़ भी की थी, जहां यह शो फिल्माया गया था।

## माफी मांगने से इनकार

हालांकि, कामरा ने शिंदे के खिलाफ अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया है। लेकिन उन्होंने पुलिस को सहयोग करने की बात कही है। कामरा ने अपने बयान में कहा था कि एक एंटरटेनमेंट वेन्यू सिर्फ एक प्लेटफॉर्म है। यह सभी तरह के शो के लिए एक जगह है। हैबिटेट (या कोई अन्य वेन्यू) मेरी कॉमेडी के लिए जिम्मेदार नहीं है और न ही उसके पास यह शक्ति है कि वह मुझे बताए कि मुझे क्या कहना है या क्या करना है।

# बालेशाह पीर दरगाह पर चलेगा बुलडोजर! फडणवीस सरकार ने दिया अल्टीमेटम, 10 मई आखिरी तारीख

मुंबई से लगे भीरा भायंदर के उतन गांव में स्थित बालेशाह पीर दरगाह का विवाद बढ़ता जा रहा है। विधानसभा में यह मामला उठने के बाद राज्य के राजस्व मंत्री ने साफ किया है कि यह दरगाह सरकारी जमीन पर है। ऐसे में इस तोड़ा

- सरकार ने अवैध दरगाह को गिराने को कहा
- बालेशाह पीर दरगाह पर चलेगा बुलडोजर
- फडणवीस सरकार ने जारी किया अल्टीमेटम




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई से सटे ठाणे के मीरा भायंदर में स्थित बालेशाह पीर दरगाह पर बुलडोजर चल सकता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार ने 10 मई तक इस दरगाह को गिराने का आदेश दिया है। इसके बाद यह दरगाह चर्चा में आ गई है। राज्य के राजस्व मंत्री और महाराष्ट्र बीजेपी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के अनुसार यह दरगाह मीरा भायंदर के चौक एरिया में स्थित है। बावनकुले का कहना है कि उस एरिया में 10 हजार स्क्वायर फीट में एक दरगाह बनाई गई है।

## बावनकुले बोले-सरकारी है जमीन

बावनकुले का कहना है कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी कब्जा बढ़ता जा रहा है। उसका आकार कम नहीं हो रहा है। राजस्व मंत्री ने कहा कि यह विषय सदन में उठा था। अब इस मामले के तूल पकड़ने के बाद मीरा भायंदर महानगर पालिका और कलेक्टर ने दरगाह को नोटिस दी है। बावनकुले ने कहा कि यह सामने आया है कि यह दरगाह सरकारी जगह पर है। यह एक रेवेन्यू लैंड ऐसे में फैसला किया गया है। इस अतिक्रमण को हटाना चाहिए। ऐसे में हटाया जाएगा। इस दरगाह पर साल में एक बार मेला भी लगता है। दरगाह पर औरतों का जाना प्रतिबंधित है।

## कहां पर स्थित है दरगाह?

आरोप है कि मीरा भायंदर में स्थित इस दरगाह के पास में एक मस्जिद है। यहां पर नमाज पढ़ी जाती है। एक पहाड़ी के पास उतन गांव में स्थित यह परगाह अब विवाद की वजह बन गई है। दरगाह कमेटी का कहना है कि मामले हाईकोर्ट में पेंडिंग है। ऐसे में सरकारी जमीन और मैंग्रोव का नुकसान पहुंचाकर दरगाह बनाने के जो आरोप हैं उन पर कोर्ट फैसला करेगा। सरकार की तरफ से दरगाह को गिराने कहा आदेश जारी होने के बाद मीरा भायंदर की पॉलिटिक्स गरमा गई है।

## कैसे शुरू हुआ पूरा विवाद?

2011 में पुलिस ने मीरा भयंदर के कलेक्टर को एक गुप्त पत्र लिखा था, जिसमें दरगाह को सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया था। पुलिस ने आशंका जताई थी कि आतंकवादी समुद्र के रास्ते इस इलाके में घुस सकते हैं और दरगाह में छुप सकते हैं।

इसलिए दरगाह को तुरंत हटाने की सिफारिश की गई थी।हाल ही में खत्म में महाराष्ट्र विधानसभा बजट सत्र में भाजपा नेता निरंजन डावखरे ने इस मुद्दे को उठाया था और कहा कि दरगाह सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है और इसे जल्द से जल्द हटाया जाना चाहिए।

# 'मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे', ये हमारा नारा था, मोदी सिर्फ देश बेच सकते हैं, संजय राउत का बड़ा हमला

### संजय राउत ने एकनाथ शिंदे और पीएम मोदी पर तीखा हमला किया

- वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को उद्योगपतियों को फायदा देने वाला बताया
- राउत ने बाबरी विध्वंस मामले में उद्धव ठाकरे की शिवसेना की भूमिका को दोहराया



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः शिवसेना(उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने एकनाथ शिंदे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने शिंदे को झूठा बताया और कहा कि उन्हें इतिहास की जानकारी नहीं है। राउत ने बाबरी विध्वंस मामले में शिवसेना की भूमिका को याद दिलाया और कहा कि उस समय मोदी और शाह कहीं छिपे हुए थे। उन्होंने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर भी सरकार पर हमला बोला और कहा कि यह विधेयक उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया है। राउत ने चेतावनी दी कि अगर आज मुसलमानों की संपत्ति जा रही है, तो कल अन्य धर्मों के लोगों की संपत्ति भी खतरे में पड़ सकती है।

## शिंदे के बयान पर पलटवार

संजय राउत ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें शिंदे ने कहा था कि कुछ लोग मजाक उड़ाते थे कि 'मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे', लेकिन मोदी ने मंदिर बनवाया और उसका लोकार्पण भी किया। राउत ने शिंदे को 'एसंशि' (एकनाथ संभाजी शिंदे) बताते हुए कहा कि उन्हें इतिहास का ज्ञान नहीं है और वे झूठे हैं। राउत ने कहा कि शिंदे कभी बेळगाव के आंदोलन में नहीं थे, लेकिन अब कह रहे हैं कि वे वहां थे।

## बाबरी विध्वंस मामले में शिवसेना की भूमिका को दोहराया

राउत ने बाबरी विध्वंस मामले में शिवसेना की भूमिका को दोहराया। उन्होंने कहा कि शिवसेना इस मामले में सबसे आगे थी। जबकि मोदी और शाह कहीं अंडरग्राउंड थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वे कहीं ढोकला खा रहे होंगे। राउत ने कहा कि उनके ऊपर चार्जशीट है और वे सीबीआई कोर्ट में पेश भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि 'मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे'

# बिहार चुनाव पर नजर, देवेंद्र फडणवीस की ने टेढ़ी की नजरें, मराठी भाषा पर राज ठाकरे के तेवर यूंही नहीं पड़े ठंडे

- राज ठाकरे का मी मराठी अभियान विवादों में घिरा
- बीजेपी ने ठाकरे पर सख्ती से लगाम लगाने का निर्णय लिया
- महाराष्ट्र में भाषा राजनीति ने आर्थिक स्थिरता को प्रभावित किया



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने गुड़ी पड़वा के दिन मी मराठी (मैं मराठी) अभियान शुरू किया। यह मराठी नव वर्ष का दिन 30 मार्च था। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि जो लोग राज्य में मराठी बोलने से इनकार करते हैं उन्हें थप्पड़ मारने में संकोच न करें। लेकिन, टठर प्रमुख का मराठी भाषा और पहचान की राजनीति को लेकर यह नया अभियान ज्यादा दिन नहीं चला। इसे कई तरफ से भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उनका यह दांव उल्टा पड़ गया और उन्होंने इसे कैंपेन को वापस ले लिया। भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों का कहना है कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार पर दबाव था कि वह इस क्षेत्रीय संगठन पर सख्ती से लगाम लगाए। आखिर देवेंद्र फडणवीस ने राज ठाकरे पर लगाम लगाई। सूत्रों की मानें तो यही कारण है कि राज ठाकरे इस मुद्दे से पीछे हट गए।

## बिहार चुनाव पर असर का डर

बीजेपी के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि राज ठाकरे के अभियान का असर बीजेपी के उत्तर भारतीय वोटरों पर पड़ रहा था। बीजेपी अपने इन उत्तर भारतीय कोर वोटर्स को नाराज नहीं करना चाहती है क्योंकि अब बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। मुंबई में उत्तर भारतीयों के खिलाफ हिंसा की छोटी-मोटी घटना भी बिहार चुनाव में बीजेपी को नुकसान पहुंचा सकती है।

## उत्तर भारतीयों में था गुस्सा

उत्तर भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले एक नेता ने गणेश चतुर्थी के 10 दिनों के उत्सव में गैर-मराठियों की सक्रिय भागीदारी का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में कोई बसता है, उसकी संस्कृति, भाषा और व्यवस्था को अपनाना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि किसी को मराठी सिखाने के लिए उस पर हमला करने की जरूरत नहीं है।

## ठंडे पड़े राज ठाकरे, बोले- समझौता नहीं लेकिन...

राज ठाकरे की गुड़ी पड़वा रैली के बाद राज्य भर से खबरें आईं कि टठर कार्यकताओं ने उन लोगों पर हमला किया जो मराठी नहीं बोलते। शनिवार को टठर प्रमुख ने अपनी पार्टी के वर्कर्स से कहा कि कानून को अपने हाथ में न लें।

फास्ट ट्रैक

# बिहार चुनाव पर नजर, देवेंद्र फडणवीस की ने टेढ़ी की नजरें, मराठी भाषा पर राज ठाकरे के तेवर यूंही नहीं पड़े ठंडे

- राज ठाकरे का 'मी मराठी' अभियान विवादों में घिरा
- बीजेपी ने ठाकरे पर सख्ती से लगाम लगाने का निर्णय लिया
- महाराष्ट्र में भाषा राजनीति ने आर्थिक स्थिरता को प्रभावित किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने गुड़ी पड़वा के दिन 'मी मराठी (मैं मराठी)' अभियान शुरू किया। यह मराठी नव वर्ष का दिन 30 मार्च था। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि जो लोग राज्य में मराठी बोलने से इनकार करते हैं उन्हें थप्पड़ मारने में संकोच न करें। लेकिन, टठर प्रमुख का मराठी भाषा और पहचान की राजनीति को लेकर यह नया अभियान ज्यादा दिन नहीं चला। इसे कई तरफ से भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उनका यह दांव उल्टा पड़ गया और उन्होंने इसे कैंपेन को वापस ले लिया।भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों का कहना है कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार पर दबाव था कि वह इस क्षेत्रीय संगठन पर सख्ती से लगाम लगाए। आखिर देवेंद्र फडणवीस ने राज ठाकरे पर लगाम लगाई। सूत्रों की मानें तो यही कारण है कि राज ठाकरे इस मुद्दे से पीछे हट गए।बिहार चुनाव पर असर का डरबीजेपी के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि राज ठाकरे के अभियान का असर बीजेपी के उत्तर भारतीय वोटरों पर पड़ रहा था। बीजेपी अपने इन उत्तर भारतीय कोर वोटर्स को नाराज नहीं करना चाहती है क्योंकि अब बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। मुंबई में उत्तर भारतीयों के खिलाफ हिंसा की छोटी-मोटी घटना भी बिहार चुनाव में बीजेपी को नुकसान पहुंचा सकती है।उत्तर भारतीयों में था गुस्साउत्तर भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले एक इखढ नेता ने गणेश चतुर्थी के 10 दिनों के उत्सव में गैर-मराठियों की सक्रिय भागीदारी का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में कोई बसता है, उसकी संस्कृति, भाषा और व्यवस्था को अपनाना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि किसी को मराठी सिखाने के लिए उस पर हमला करने की जरूरत नहीं है।ठंडे पड़े राज ठाकरे, बोले- समझौता नहीं लेकिन...राज ठाकरे की गुड़ी पड़वा रैली के बाद राज्य भर से खबरें आईं कि टठर कार्यकताओं ने उन लोगों पर हमला किया जो मराठी नहीं बोलते। शनिवार को टठर प्रमुख ने अपनी पार्टी के वर्कर्स से कहा कि कानून को अपने हाथ में न लें। उन्होंने कहा कि जब भी मराठी को हल्के में लिया जाएगा, हम हस्तक्षेप करेंगे। हम समझौता नहीं कर रहे हैं।

# मुंबई से गोवा 6 घंटे में पहुंचेंगे, महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री ने सेवा शुरू करने को लेकर दिया बड़ा बयान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई और गोवा के बीच दो स्टीमर से 1960 के दशक में लोगों को ले जाने की शुरूआत हुई थी। भारत के बड़े टूरिस्ट डेस्टिनेशन गोवा के लिए लेकिन नियमित तौर पर रो-रो फेरी सेवा शुरू नहीं हुई। अब महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने खुद इस विषय में रुचि दिखाई है। अगर सबकुछ ठीक रहा है तो मुंबई-गोवा राजमार्ग खुलने का इंतजार करने लोगों को बड़ी सौगात मिलेगी। लोग सिर्फ 6 घंटे में ही मुंबई से गोवा पहुंच जाएंगे।सरनाईक ने क्या कुछ कहा ?मुंबई और ठाणे जैसे शहरों में केबल टैक्सी जैसे नए परिवहन के मोड पर काम कर रहे सरनाईक ने कहा है कि मुंबई से गोवा रो-रो सेवा शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। सरनाईक का बयान ऐसे वक्त पर आया है जब कुछ समय पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई मेट्रोपॉलिटन (एमएमआर) क्षेत्र में जल परिवहन की घोषणा की थी, क्योंकि इस क्षेत्र में एक ओर खाड़ी है। दूसरी ओर समुद्र है।यहां पर 15-20 जेटियों का काम भी पूरा हो चुका है। इनके निर्माण के बाद मीरा-भायंदर से वसई-विरार तक रो-रो सेवा शुरू हो चुकी है।

# मध्य रेल 42 अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा

- एलटीटी-करमाली-एलटीटी, पुणे-नागपुर-पुणे और पुणे-हजरत निजामुद्दीन-पुणे के बीच एसी विशेष ट्रेन सेवा
- मध्य रेल ने अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1198 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित सेवाओं के अलावा अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1198 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है।मध्य रेल ने पहले ग्रीष्मकालीन विशेष सेवाओं की 1156 सेवाओं की घोषणा की थी और अब यात्रियों के लाभ के लिए अतिरिक्त 42 एसी ट्रेन सेवाएं चलाएगा।

**एलटीटी मुंबई-करमाली-एलटीटी मुंबई एसी साप्ताहिक विशेष (14 सेवा)**

01051 विशेष दिनांक 11.04.2025 से 23.05.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 22.15 बजे एलटीटी मुंबई से रवाना होगी और अगले दिन 12.00 बजे करमाली पहुँचेगी। (7 सेवाएं)

01052 विशेष दिनांक 12.04.2025 से 24.05.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 14.30 बजे करमाली से रवाना होगी और अगले दिन 04.05 बजे एलटीटी मुंबई पहुँचेगी। (7 सेवाएं)

ठहरावः ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड और थिविम।

संरचनाः आठ एसी-2 टियर, दस एसी-3 टियर और 2 जेनरेटर वैन।

पुणे नागपुर पुणे एसी साप्ताहिक विशेष (14 सेवा)

01439 विशेष दिनांक 12.04.2025 से 24.05.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 19.55 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 14.45 बजे नागपुर पहुँचेगी। (7 सेवाएं)

01440 विशेष दिनांक 13.04.2025 से 25.05.2025 तक प्रत्येक रविवार को 16.15 बजे नागपुर से रवाना होगी और अगले दिन 07.20 बजे पुणे पहुँचेगी। (7 सेवाएं)

ठहरावः दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड, जलगाँव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, बडनेरा और वर्धा

संरचनाः आठ एसी-2 टियर, दस एसी-3 टियर और 2 जेनरेटर वैन।

पुणे - हजरत निजामुद्दीन - पुणे एसी साप्ताहिक विशेष (14 सेवा)

01441 विशेष दिनांक 15.04.2025 से 27.05.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को 17.30 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 18.10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। (7 सेवाएं)

01442 विशेष दिनांक बुधवार 16.04.2025 से 28.05.2025 तक प्रत्येक बुधवार को हजरत निजाम-उद-दीन से 22.20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23.55 बजे पुणे पहुंचेगी। (7 सेवाएं)

ठहरावः लोनावला, कल्याण, भिवंडी रोड, कामन रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा जंक्शन, डकनिया तलाव, भवानी मंडी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, मथुरा जंक्शन और पलवल

संरचनाः आठ एसी-2टियर, दस एसी-3टियर और 2 जेनरेटर वैन।

आरक्षणः विशेष ट्रेन संख्या 01051, 01439, 01440 और 01441 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग दिनांक 08.04.2025 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www. irctc.co.in पर खुलेगी। अनारक्षित कोच के लिए टिकट सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए लागू अनारक्षित टिकट के लिए सामान्य शुल्क के साथ यूटीएस के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं।विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www. enquiry.indianrail.gov.inपर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# कोर्ट मूकदर्शक बनी नहीं रह सकती! अक्षय शिंदे एनकाउंटर केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने फडणवीस सरकार को फटकारा

- बॉम्बे हाईकोर्ट ने अक्षय शिंदे एनकाउंटर मामले में एसआईटी गठित करने का आदेश दिया
- राज्य सरकार को पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने पर दिया झटका



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने बदलापुर यौन शोषण मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर मामले में राज्य सरकार को तगड़ा झटका दिया है। हाईकोर्ट से एनकाउंटर मामले में शामिल पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया गया है। अदालत ने मुंबई पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर क्राइम को इस मामले में एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि अगर अक्षय के माता-पिता ने यह रुख अपनाया होता कि वे इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते तो मामला बंद करना आसान होता। पुलिस ने अक्षय की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज करने में भी लापरवाही बरती। इससे माता-पिता हताश हो गए। ऐसी स्थिति में संवैधानिक न्यायालय मूकदर्शक नहीं बना रह सकता। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस डॉ नीला गोखले की पीठ ने आदेश देते हुए यह टिप्पणी की।कोर्ट ने कहा कि न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि दिखना भी चाहिए। इस मामले में मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट को देखकर यह स्पष्ट है कि गहन जांच जरूरी है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया। इसलिए, हम जांच के लिए एसआईटी के गठन का आदेश दे रहे हैं। अदालत ने मुंबई पुलिस फोर्स की संयुक्त पुलिस आयुक्त लक्ष्मी गौतम के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित करने का आदेश दिया। उन्हें यह निर्णय लेने का अवसर भी दिया गया कि एसआईटी में किन अधिकारियों को शामिल किया जाए। कोर्ट ने पूछे तल्ख सवालराज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया था कि वह अक्षय शिंदे एनकाउंटर मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं करेगी। राज्य सरकार ने कहा था कि जांच पूरी होने और एसआईटी रिपोर्ट मिलने तक उनके खिलाफ

# पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक वाणिज्यिक राजस्व हासिल किया

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4400 करोड़ रुपये का आंकडा पार किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे अपने राजस्व को बढ़ाने और अपनी गति को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा अपने इतिहास में पहली बार वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपना अब तक का सर्वाधिक वाणिज्यिक राजस्व हासिल किया गया है। मंडल ने वाणिज्यिक राजस्व में लगभग 4485 करोड़ रुपये हासिल किए और कई श्रेणियों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजस्व दर्ज किया है। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने इस उपलब्धि को हासिल करने पर टीम को बधाई दी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल का वाणिज्यिक प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है, जिसने रिकॉर्ड तोड़ राजस्व, परिचालन दक्षता और महत्वपूर्ण डिजिटल प्रगति हासिल की है। मंडल ने वाणिज्यिक, यात्री, उपनगरीय, गैर-उपनगरीय, पीआरएस, एसी ईएमयू यात्री और राजस्व, माल ढुलाई, पार्किंग और खानपान श्रेणियों में अपने सर्वश्रेष्ठ राजस्व आंकड़े दर्ज किए।मंडल ने यात्री राजस्व श्रेणी में भी सबसे अधिक राजस्व दर्ज किया, जो 3782 करोड़ रुपये (उपनगरीय और गैर-उपनगरीय) से अधिक है, जबकि पीआरएस सेगमेंट में भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजस्व दर्ज किया गया। एसी लोकल ट्रेनों की लोकप्रियता इसके आंकड़ों से भी झलकती है। एसी लोकल की सुनियोजित सेवाओं के कारण, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.65 करोड़ यात्रियों ने एसी लोकल से यात्रा की, जिससे लगभग 215 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए, मंडल ने माल ढुलाई श्रेणी में भी अपना अब तक का सर्वोच्च राजस्व (लगभग 256 करोड़ रुपये) हासिल किया। मुंबई मंडल ने पे एंड पार्क अनुबंधों (14 करोड़ रुपये) से भी अपना सर्वश्रेष्ठ राजस्व हासिल किया, साथ ही खानपान स्टालों (16 करोड़ रुपये से अधिक) का योगदान भी रहा।श्री विनीत ने आगे बताया कि इस मंडल ने डिजिटल टिकटिंग, पीआरएस आधुनिकीकरण और भीड़ प्रबंधन की बेहतर रणनीतियों के माध्यम से यात्री सुविधा को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, बुनियादी ढांचे के विकास, माल ढुलाई में नवीन पहल और स्टेशन के उन्नयन ने रेलवे परिचालन में अग्रणी के रूप में मंडल की स्थिति को मजबूत किया है। विभिन्न क्षेत्रों में मंडल द्वारा किए गए प्रयासों से राजस्व में निरंतर वृद्धि हुई है।

# मुंबई में पुलिस के साथ बाबा बागेश्वर ने खेला क्रिकेट मैच, एक ओवर में झटके तीन विकेट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः हिंदू गांव बसाने को लेकर देश और दुनिया की सुर्खियों में छाए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर का रामनवमी को एक खास अंदाज देखने को मिला। महाराष्ट्र के 12 दिन के दौरे पर पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री ने ठाणे में कार्यक्रम के बाद पुलिस के साथ क्रिकेट खेली। महाराष्ट्र पुलिस के साथ एक क्रिकेट मैच बाबा बागेश्वर ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी की। इसमें बाबा बागेश्वर 4 खिलाड़ियों को आउट किया। उन्होंने यह विकेट एक ओवर में लिए।

पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्री आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/19/2025 दिनांक 04.04.2025

| | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 174 | 52 किलोग्राम के लिए एल्युमिनो थर्मिक प्रक्रिया द्वारा रेल की फ्यूजन वेल्डिंग के लिए वेल्डिंग भाग | 8000 संख्या | 08-मई-25 |
| 175 | रेल एल्युमिनो की फ्यूजन वेल्डिंग के लिए वेल्डिंग भाग 60 किग्रा के लिए थर्मिक प्रक्रिया | 15000संख्या | 12-मई-25 |
| 176 | बेहतर स्विच एक्सपेंशन जॉइंट (80 मिमी गैप) - 60 किग्रा रेल | 80 सेट | 16-मई-25 |
| 177 | एलडब्यूआर के लिए बेहतर एसईजे (80 मिमी अधिकतम गैप के साथ)बी.जी. के लिए 60 किग्रा | 82 सेट | 19-मई-25 |
| 178 | बेहतर स्विच विस्तार जोड़ (80 मिमी गैप) - 52 किग्रा रेल | 150 सेट | 22-मई-25 |

विस्तृत नोटिस ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं 0016

: facebook.com/WesternRly • : X.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

No.Dy.Ch.E.M&E/ 100 /E.S. Dt.07.04.2025

ई-निविदा संख्या

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) |
| उप विभाग | उप. मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) ई.उप |
| ई निविदा संख्या | 2025 MCGM 1166678 1 |
| विषय | घाटकोपर (पश्चिम) के 'एन' वार्ड में मुख्य अभियंता (सतर्कता) कार्यालय भवन में स्थापित अग्निशमन प्रणाली और फायर अलार्म प्रणाली के लिए वार्षिक व्यापक सेवा रखरखाव अनुबंध (सीएसएमसी)। |
| निविदा की बिक्री | बोली शुरू होने की तिथिः 08.04.2025 समय 11.00 बजे<br>बोली समाप्ति तिथिः 16.04.2025 समय 04.00 बजे |
| वेबसाइट | www.mahatenders.gov.in |
| संचार अधिकारीः | - |
| A) नाम | श्रीमती स्मिता तोडानकर |
| B) मोबाइल नंबर | 8291715782 |
| C) ई-मेल पता | aees03.me@mcgm.gov.in |

पीआरओ/59/विज्ञा0/2025-26

एस.डी.---
(श्रीमती आर.एस. कदम)
पूर्व इंजीनियर(एम एंड ई)ई.एस.

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं

# श्री रामनवमी की तीर्थयात्रा को वर्तकनगर, शास्त्रीनगर में मिला जनसमर्थन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , श्री रामनवमी के अवसर पर रविवार शाम को निकाली गई यात्रा वर्तकनगर, भीमनगर, शास्त्रीनगर इलाके में घूमी जिसमें हजारों श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। भाजपा कामगार मोर्चा के ठाणे शहर अध्यक्ष राकेश चौगुले ने यंग स्टार मित्र मंडल के साथ मिलकर यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। वर्तकनगर भीमनगर से शास्त्रीनगर नाका, वर्तकनगर नाका और भीमनगर तक निकाली गई शोभा यात्रा में श्रद्धालु मां सीता रामचन्द्र की जय, प्रभु रामचन्द्र की जय, रामलला की जय... के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। यात्रा मार्ग में जगह-जगह भगवान रामचन्द्र की छवि पर पुष्प वर्षा की गई। रास्ते में नागरिकों ने भी दर्शन लाभ लिया। इस जुलूस के लिए जिला अध्यक्ष राकेश चौगुले, महासचिव गणेश खोपड़े, उपाध्यक्ष परेश चव्हाण, ठाणे शहर विधानसभा संयोजक जीतेंद्र विशे, रतनशी गामी, सुजीत उपाध्याय, रवि तिवारी, संतोष पांडे सहित यंग स्टार मित्र मंडल के पदाधिकारी हेमंत मौर्य, राहुल कश्यप, अक्षय अंबरकर, आकाश तिवारी ने कड़ी मेहनत की।



# ठाणे शहर को 100 प्रतिशत टीबी मुक्त बनाने के लिए शिविर आयोजित करें : नरेश म्हस्के

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , क्षय रोग उन्मूलन के लिए ठाणे मनपा द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ठाणे मनपा राज्य में चौथे स्थान पर है। सांसद नरेश म्हस्के ने क्षय रोग विभाग को अतिरिक्त जनशक्ति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि ठाणे शहर को 100 प्रतिशत क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए प्रभाग समिति द्वारा नागरिकों की सख्ती से जांच की जाए। क्षय रोग मुक्त मूल्यांकन में ठाणे शहर को 4 वां स्थान मिलने पर सांसद ने मनपा आयुक्त सौरभ राव सहित क्षय रोग विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, क्षय रोग विभाग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका आयोजन नरेंद्र बल्लाल सभागृह में किया गया था। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त उमेश बिरारी, छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश बारोट, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी. क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ चेतना नितिल एवं शहर क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटील सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। ठाणे शहर क्षय रोग विभाग के सभी डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर क्षय रोग को खत्म करने के लिए समर्पण भाव से काम कर रहे हैं। मनपा कार्यालय पंजीकृत क्षय रोगियों के घर जाकर संबंधित रोगियों को आवश्यक उपचार के संबंध में मार्गदर्शन दे रहे हैं। सांसद नरेश म्हस्के ने इस बात के लिए क्षय रोग विभाग के सभी कर्मचारियों की सराहना की कि उन सभी के प्रयासों के कारण ठाणे मनपा को विभिन्न नगर निगमों और जिलों के क्षय रोग विभागों में चौथा रैंक मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि ठाणे देश की एकमात्र महानगर पालिका है जो उन्हें 15,000 का अतिरिक्त वेतन देती है क्योंकि क्षय रोग विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों को सरकार से वजीफा मिलता है, लेकिन वे अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। सांसद नरेश म्हस्के ने ठाणे मनपा के क्षय रोग विभाग को सीएसआर फंड से 1 करोड़ रुपये प्रदान करने के लिए महानगर गैस लिमिटेड के उपाध्यक्ष आत्मकुर चक्रपाणि और सीएसआर के प्रमुख सुशांत राउत और सीएसआर फंड से 1.25 करोड़ रुपये प्रदान करने के लिए मिंट कॉर्पोरेशन के उप महाप्रबंधक इंद्रदीप कौर को भी धन्यवाद दिया। क्षय रोग विशेषज्ञ एवं नगर क्षय रोग अधिकारी क्षय रोग उन्मूलन अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर रहे हैं। डॉ प्रसाद पाटिल को विशेष सम्मान दिया गया जबकि तपेदिक विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निखिल लिंगायत, अशोक बोरोले, संजय पवार, साधना जाधव, स्वप्नाली भालेराव आदि को प्रतिनिधि के रूप में सांसद नरेश म्हस्के ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे ने क्षय रोग विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि मनपा ठाणे शहर को 100 प्रतिशत क्षय रोग मुक्त बनाने का प्रयास करेगी।

फास्ट ट्रैक

# विवाहिता का फंदे पर लटका मिला शव

## दहेज के लिए हत्या का आरोप, बाइक और 2 लाख की थी मांग

शाहजहांपुर, दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता की कथित हत्या का मामला सामने आया है। थाना निगोही क्षेत्र के खिरिया पश्चिमी गांव में 26 वर्षीय रेखा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। सोमवार को शव का पोस्टमॉर्टम किया हुआ है। रेखा की शादी 5 साल पहले खिरिया पश्चिमी गांव के अनुज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज में बाइक और दो लाख रुपए की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। शनिवार रात को रेखा ने अपनी मां को फोन कर मारपीट की शिकायत की थी। मां ने रविवार को भाई को भेजने का आश्वासन दिया था। परिजनों को रेखा की मौत की सूचना मिली। मृतका के भाई का कहना है कि उसकी हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं। घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। तहरीर और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका का पति गाजियाबाद में काम करता है। भाई का आरोप है कि उसी ने परिवार को रेखा की हत्या करने के लिए कहा था।



# एडीएम ने स्कूल में करवाया बच्चों का एडमिशन

## खुद की गाड़ी में बैठाकर लाए, बोले- शिक्षा नहीं दी तो बच्चे गलत दिशा में जाएंगे

शाहजहांपुर, शिक्षा के प्रति जागरुकता का अनूठा उदाहरण सामने आया है। एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने ददरौल ब्लॉक के धनौरा कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। स्कूल में कम उपस्थिति देखकर वे खुद घर-घर गए। एडीएम ने परिवारों से बातचीत कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वो छह बच्चों को अपनी गाड़ी में बैठाकर स्कूल लाए और उनका एडमिशन कराया। बच्चों की स्कूल ड्रेस, जूते-मोजे और बैग के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजने की प्रक्रिया भी शुरू की। एडीएम अरविंद अपनी अनूठी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। वे पहले भी किसानों के साथ खेत में काम करते देखे गए हैं। उन्होंने अवैध भट्टों को बंद कराने जैसी कई सख्त कार्रवाई की हैं। स्कूल में कम उपस्थिति पर उन्होंने शिक्षकों से चर्चा की। फिर गांव में जाकर परिवारों को सर्व शिक्षा अभियान और स्कूल चलो अभियान की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। एडीएम की इस पहल का सकारात्मक प्रभाव दिखा।



# विधायक संजय केलकर की 'जनसंवाद' पहल को नागरिकों का समर्थन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , विधायक संजय केलकर नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए हर सोमवार और शुक्रवार को भाजपा के खोपट कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हैं। कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के विधान परिषद सदस्य निरंजन डावखरे मौजूद रहे। आज सोमवार को केलकर ने खोपट स्थित कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। पूर्व नगर सेवक सुनेश जोशी, परिवहन सदस्य विकास पाटील, भाजपा महासचिव सचिन पाटील, विलास साठे, दीपक जाधव, महेश कदम, राजेश गाडे उपस्थित थे। मनपा संबंधी अतिक्रमण, जल मामले, एस. टी. निगम, पुलिस स्टेशन शिकायतें, धोखाधड़ी, शैक्षिक विषय, सफाई जैसे विभिन्न विषयों पर 50 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। केलकर ने अधिकारियों से फोन पर बात की और वहां की कुछ समस्याओं का समाधान किया। केलकर ने बोलते हुए कहा कि मैं सिर्फ शिकायतें ही नहीं ले रहा हूं, बल्कि प्रशासन के साथ मिलकर उसका उचित समाधान कर रहा हूं और नागरिकों को न्याय दिलाने का प्रयास कर रहा हूं। अब तक इस पहल के तहत 40 हजार से अधिक नागरिकों के साथ बातचीत की है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार के माध्यम से ठाणे शहर में 3000 से अधिक सी. सी. टी. वी. कैमरे लगाये जायेंगे। यह कार्य पीडब्लूसी द्वारा किया जायेगा। संबंधित सहायक आयुक्तों एवं कैमरे लगाने का कार्य करने वाली संस्था के पदाधिकारियों को केलकर ने खोपट कार्यालय में फोन कर शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी ली। केलकर ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और महाराष्ट्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहरों को सुरक्षित बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण क्रांतिकारी कदम है। एक तरह से मुख्यमंत्री ने शहर को स्मार्ट सुरक्षा देने का प्रयास किया है। ये कैमरे डायल नंबर 112 सी जुड़ा हुआ है, इसलिए इसके कई उपयोग हैं। इन कैमरों के जरिए कहां पेड़ गिरे हैं, सड़क पर गड्ढा है या कूड़ा पड़ा है, इसकी जानकारी संबंधित विभाग को तुरंत मिल जाएगी। इसके अलावा उन्होंने विश्वास जताया कि सड़क पर चलने वाली रोमियोगिरी, छेड़खानी बंद हो जाएगी। यह निश्चित रूप से पुलिस विभाग के लिए बहुत उपयोगी होगा।

# अंबरनाथ के कोहिनूर मैक्ससिटी कॉम्प्लेक्स में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री राम नवमी का पर्व

## सैंकड़ों रामभक्तों की उपस्थिति में पूर्ण धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया श्री राम नवमी पर्व।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम श्रीराम नवमी का पर्व अंबरनाथ पश्चिम के कल्याण बदलापुर मुख्य मार्ग पर स्थित कोहिनूर मैक्ससिटी कॉम्प्लेक्स में सार्वजनिक रूप से पहली बार पूर्ण धार्मिक अनुष्ठानों और विधि परंपराओं के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूजन कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों के साथ-साथ बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर सहभाग किया। श्री राम नवमी पूजन कार्यक्रम के व्यवस्थापक अधिवक्ता मुकेश मिश्रा, अमित कुमार भारती तथा दिलीप कुमार भारती के अनुसार भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने से भक्त का कल्याण होता है। इसी परिप्रेक्ष्य में यहां श्री रामनवमी के पर्व के शुभ अवसर पर पूजन और भजन कार्यक्रम का पहली बार सार्वजनिक रूप से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉम्प्लेक्स के सैंकड़ों रामभक्तों के साथ शहर के अनेक मान्यवरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रविवार की सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा और हवन कार्यक्रम हुआ। दोपहर में महिलाओ का भजन और कीर्तन कार्यक्रम रखा गया था। सायंकाल रामायण का सुन्दरकांड और भजन संध्या कार्यक्रम का आनंद परिसर के लोगों ने लिया। सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन समिति के अनुसार युवा समाजसेवी उद्योगपति विश्वजीत करंजुले पाटिल, वरिष्ठ हिंदी भाषी समाजसेवी सच्चिदानंद राय, उत्तर भारतीय समाज के हितचिंतक प्रमोद कुमार पांडेय, मनोज शिवानंद सिंह, अशोक जायसवाल, विजय पांडेय (बबलू पांडेय) अधिवक्ता महेश मिश्रा, राजेश कुशवाहा, हिंद केशरी राजपूत, रविंद्र जाधव, राहुल उपाध्याय, सुधीर गुप्ता एवम सभी सक्रिय सदस्यों उपस्थिति में यह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# क्या हुआ तेरा वादा : उल्हास नदी की जलकुंभी को 15 दिन में मशीनों की सहायता से हटाया जाएगा- राज्य सरकार

## के.डी.एम.सी. द्वारा जलकुंभी को हाथों से हटाए जाने का आज 11 वां दिन है लेकिन सरकारी मशीनें नदारद।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. ठाणे जिले की महत्वपूर्ण जल स्रोत वाली उल्हास नदी 50 लाख से अधिक नागरिकों को जलापूर्ति करती है लेकिन शासन की ढुलमुल नीति, औद्योगिक अपशिष्टों के मिश्रण और नागरिकों की जागरूकता की कमी ने उल्हास नदी को विगत कुछ वर्षों में विशाल पैमाने पर प्रदूषण का अड्डा बना दिया है। औद्योगिक अपशिष्टों के मिलने और सीवेज के कारण नदी में शैवाल की तेजी से वृद्धि हो रही है। बदलापुर, अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण के साथ-साथ ठाणे जिले के ग्रामीण इलाकों के गांवों का गंदा पानी सीधे नदी में छोड़ा जाता है जिसके कारण नदी प्रदूषित और जलकुंभी से भर गई है। कुछ वर्षों से नदी तल में जलकुंभी पनप रही है। जल्कभी की विशाल चादर आप्टी, रायता, कम्बा, म्हाराल, सिमा रिसॉर्ट, रीजेंसी एंटीलिया से लेकर मोहना एनआरसी बांध तक लगातार फैल रही है। मोहना बांध के जल निकासी केंद्र पर इसके कारण बड़ी मात्रा में पानी फंस रहा है। औद्योगिक कारखानों और आवासीय क्षेत्रों से नदी बेसिन में छोड़े गए अपशिष्ट और सीवेज जल को आज भी पर्याप्त मात्रा में संसाधित नहीं किया जाता है जिसके कारण नदी में प्रदूषण बढ़ रहा है। विगत 22 मार्च को विश्व जल दिवस के दिन मी कल्याणकर संस्था के पदाधिकारियों ने नदी तल में बैठकर अपना मुंडन कराकर विरोध प्रदर्शन भी प्रारंभ किया था, जिसके परिणामस्वरूप 8 दिन बाद राज्य नगर विकास के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता, महाराष्ट्र राज्य नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष सिद्धेश कदम और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की संयुक्त मीटिंग में उल्हास नदी की जिलकुंभी को 15 दिनों में मशीनों की सहायता से हटाए जाने और नदी को प्रदूषण मुक्त किए जाने का वायदा किया गया था लेकिन आज लगभग 10 दिन गुजरने के बाद भी मशीनों का प्रयोग नहीं किया जा रहा बल्कि के.डी.एम.सी. द्वारा हाथों से जलकुंभी हटाई जा रही है। सरकार द्वारा किया गया वायदा पूरा होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है।

# पिता से परेशान बेटे ने लगाई आग

## बोला-बीड़ी से लगी आग, कमरे का सामान जला; शराब पीकर पिता देता है गाली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक युवक ने पारिवारिक परेशानी से तंग आकर अपने मकान की ऊपरी मंजिल में आग लगा दी। थाना सदर बाजार क्षेत्र के गदियाना चुंगी निवासी विशाल ने यह कदम उठाया। स्थानीय लोगों ने मकान से निकल रहे धुएं को देखकर दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। वहीं युवक को बचा लिया। हालांकि कमरे में रखा कुछ सामान जल गया। विशाल ने शुरूआत में बताया कि उसके पिता रोज शराब पीकर घर में गाली-गलौज करते हैं। इससे वह मानसिक रूप से परेशान था और तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया। लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो विशाल ने अपना बयान बदल दिया। उसने कहा कि वह ऊपरी मंजिल पर बीड़ी पी रहा था और जल्दबाजी में बीड़ी फेंकने से चारपाई में आग लग गई। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# उल्हासनगर आमदार कुमार आयलानी के कार्यालय में राशन कार्ड शिविर सम्पन्न

- अनेक नागरिकों की राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं का हुआ समाधान।
- प्रत्येक माह के पहले सोमवार को राशनिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. आमदार कुमार आयलानी के जनसंपर्क कार्यालय में स्थानीय नागरिकों की राशन कार्ड से संबंधित अनेक समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को राशनकार्ड कैंप का आयोजन सोमवार किया गया जिसमें तमाम नागरिकों की राशन कार्ड से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। नवीन राशन कार्ड, राशन कार्ड को ऑनलाइन करने, राशनकार्ड में परिजनों के नाम जोड़ने आदि कार्यों को किया गया। कुल 52 परिवारों के राशन कार्ड फॉर्म जमा किए गए। इस कैंप के दौरान राशनिंग विभाग के अक्षता घुले, महेश देशपांडे उपस्थित रहे, उन्होंने नागरिकों की सभी समस्याओं का शांतिपूर्वक ढंग से समाधान किया। आमदार कुमार आयलानी के जनसंपर्क कार्यालय में नागरिकों के राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक महीने के पहले सोमवार को राशनकार्ड शिविर आयोजित किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। आमदार कुमार आयलानी ने सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि इस कैंप का लाभ लेकर इस कैंप को सफल बनाने में सहयोग करें। इस कैंप के दौरान पूर्व महापौर मीना आयलानी, उमेश सोनार, मंगला चांडा, प्रतीक्षा अमृत, उमेश पंडित, अनीता शर्मा, रमेश घरत ने शिविर के दौरान महत्वपूर्ण योगदान देकर राशनिंग कैंप को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# भतीजों ने हत्या की, भांजे करेंगे अंतिम संस्कार

## शाहजहांपुर में मृतक का सगा कोई नही, आरोपी बोले-चाचा ने गेहूं देने से किया था मना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, गेहूं काटने के तरीके को लेकर हुए विवाद में दो भतीजों ने अपने चाचा की हत्या कर दी थी। दियूनी सियूरा गांव के 65 वर्षीय प्रहलाद की रविवार को उनके भतीजों रविंद्र और जयपाल ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर जान ले ली। विवाद की जड़ में गेहूं की कटाई का तरीका था। प्रहलाद कंबाइन से गेहूं कटवाना चाहते थे। भतीजे हाथ से गेहूं काटकर भूसा बनाना चाहते थे। इस बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि प्रहलाद ने गेहूं का एक दाना भी देने से मना कर दिया। इसी दौरान प्रहलाद ने रविंद्र के सिर पर डंडा मार दिया। गुस्से में दोनों भतीजों ने मिलकर चाचा की पिटाई कर दी, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक प्रहलाद के पास दस बीघा खेत था। उनके दो भाई और एक बहन की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। माता-पिता भी नहीं हैं। वह अविवाहित थे और भतीजों के साथ एक ही मकान में रहते थे। अब उनका अंतिम संस्कार उनके भांजे करेंगे। भांजे मान सिंह ने बताया कि उनकी सगी सिर्फ एक बहन बची हैं। भतीजे तो जेल चले गए हैं। अब हम सब मिलकर गांव में उनका अंतिम संस्कार करेंगे।

# कार्रवाई के आश्वासन पर अंतिम-संस्कार को राजी हुआ परिवार

## शाहजहांपुर में नाले में मिला था युवक का शव, पोस्टमार्टम में चोट के निशान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना खुदागंज क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत हुई थी। जलालपुर गांव निवासी रंजीत खेत में गेहूं कटाई कर रहा था। कंबाइन चालक लालू उर्फ शिवम उसे शौच के लिए ले गया। कुछ समय बाद रंजीत का शव नाले में मिला। परिजनों को मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले। उन्होंने कंबाइन चालक और उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी चोट के निशान की पुष्टि हुई है। परिवार ने पंचनामा भरने से मना कर दिया। वे कार्रवाई की मांग करने लगे थे। एसपी ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। सोमवार को परिवार ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। थाने में अधिकारियों से वार्ता के बाद सीओ ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिवार ने अंतिम संस्कार के लिए सहमति दी। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। परिजनों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट है कि यह हत्या का मामला है।

# डीएम के सवालों में फंस गई बीएसए



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। डेढ़ घंटे के निरीक्षण में कई गंभीर खामियां सामने आईं। बीएसए दिव्या गुप्ता डीएम के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाईं। डीएम ने जब पिछले एक साल का वेतन रोकने और जारी करने का रिकॉर्ड मांगा, तो कर्मचारी ने बताया कि यह मेल पर है। इस जवाब से नाराज डीएम ने पूछा कि कितने लोगों का वेतन रोका गया और कितने आवेदन आए। निरीक्षण में विद्यालयों की मान्यता से जुड़े दस्तावेज और शिकायतों के निस्तारण का कोई स्पष्ट विवरण नहीं मिला। कार्यालय में साफ-सफाई की स्थिति खराब मिली। फाइलों के रखरखाव और कर्मचारियों पर नियंत्रण में भी कमियां पाई गईं। बीएसए कर्मचारी आचरण नियमावली की जानकारी भी नहीं दे सकीं। डीएम ने वेतन और पेंशन से जुड़ी फाइलों की जांच की। कई दस्तावेजों में प्रक्रिया अधूरी मिली और जानकारी अपडेट नहीं थी। इस पर डीएम ने महत्वपूर्ण फाइलें जब्त कर लीं

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# 50 देशों ने टैरिफ पर अमेरिका से संपर्क किया

## ट्रम्प बोले- ये हमसे डील करने के लिए बेचैन, मार्केट क्रैश पर मुझे चिंता नहीं

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अमेरिका और दुनियाभर के बाजारों में आई गिरावट पर कहा, 'कभी-कभी किसी चीज को ठीक करने के लिए दवा लेनी पड़ती है।' उन्होंने यह बात एयरफोर्स वन विमान में पत्रकारों से कही। वे फ्लोरिडा में गोल्फ खेलकर वॉशिंगटन लौट रहे थे। इस बातचीत में उन्होंने अपनी टैरिफ योजना से पीछे हटने के कोई संकेत नहीं दिए। रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देशों ने हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया, क्योंकि हमारा नेतृत्व मूर्खतापूर्ण था, जिसने ऐसा होने दिया। वहीं, अमेरिका और दुनियाभर में ट्रेड मार्केट्स में मची उथल-पुथल पर ट्रम्प ने कहा, बाजारों के साथ आगे क्या होगा, मैं नहीं कह सकता, लेकिन हमारा देश अब कहीं ज्यादा मजबूत है। मुझे मार्केट क्रैश से फर्क नहीं पड़ा है क्योंकि ये कुछ ही समय के लिए है। फिर सब नॉर्मल हो जाएगा। ट्रम्प बोले- अमेरिका में कोई महंगाई नहीं ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि ग्लोबल मार्केट में भारी गिरावट के बावजूद अमेरिका में कोई महंगाई नहीं है। उन्होंने पिछले अमेरिकी नेताओं पर आरोप लगाया कि उनकी गलत नीतियों की वजह से चीन जैसे देशों को अमेरिका का फायदा उठाने का मौका मिला। दुनिया भर के बाजारों में जारी गिरावट पर बोलते हुए ट्रम्प ने कहा कि तेल की कीमतें कम हो गई हैं, ब्याज दरें घट गई हैं, फूड प्रोडक्ट की कीमतें घट गई है, कोई महंगाई नहीं है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि चीन उनकी चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका के खिलाफ टैरिफ में 34% वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि पहले से लागू टैरिफ से अमेरिका को हर हफ्ते अरबों डॉलर का राजस्व मिल रहा है। आज ब्लैक मंडे होने की आशंका ट्रम्प के लगाए टैरिफ के चलते दुनियाभर के बाजारों में गिरावट देखने को मिल रही है। 6 अप्रैल को अमेरिकी टीवी प्रेजेंटर और मार्केट एनालिस्ट जिम क्रैमर ने चेतावनी दी थी कि सोमवार 7 अप्रैल को बाजारों में फिर से एक बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। इसे उन्होंने ब्लड बाथ कहा था। इसे 1987 के ब्लैक मंडे से जोड़कर देखा जा रहा है, क्योंकि 19 अक्टूबर 1987 को दुनियाभर के स्टॉक मार्केट्स में एक ही दिन में सबसे भारी गिरावट देखने को मिली थी। अमेरिका के डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल ऐवरेज (डीजेआईए) में 22.6% की गिरावट आई थी, जो इतिहास में आज तक की सबसे बड़ी एक दिन की गिरावट है। यह गिरावट अमेरिका से शुरू हुई, लेकिन जल्दी ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और एशियाई बाजारों तक फैल गई।





वहीं, ट्रम्प ने कहा कि 50 से ज्यादा देश टैरिफ को लेकर हमसे डील करने के लिए मरे जा रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन में ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने ठइउ को बताया कि 50 से ज्यादा देशों ने ट्रम्प प्रशासन से संपर्क किया है, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत में समय लगेगा। बेसेंट ने कहा कि ये देश लंबे समय से हमारे साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं। और यह ऐसा मामला नहीं है, जिसे कुछ दिनों या हफ्तों में बातचीत करके सुलझाया जा सके। हमें आगे का रास्ता देखना होगा, क्योंकि जब कोई देश 20, 30, 40 या 50 साल से गलत तरीकों पर चल रहा हो, तो आप एक झटके में सब कुछ साफ नहीं कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दूसरे देशों पर लगाया जाने वाला रेसिप्रोकल टैक्स का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26% टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

# हज से पहले सऊदी अरब ने लगाई बड़ी पाबंदी

## भारत सहित 14 देशों का वीजा रोका, नियम तोड़ने पर 5 साल की एंट्री बैन

एजेंसी

रियाद, बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए सऊदी अरब ने भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। 1. गैर-कानूनी रूप से हज करने वालों को रोकनाः रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिकारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। 2. विदेशी सऊदी में गैर-कानूनी तौर पर काम कर रहेः अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। 3. 2024 में भीड़ बढ़ने से 1200 श्रद्धालुओं की मौतः 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे। सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि 13 अप्रैल 2025 उमरा वीजा जारी करने की अंतिम तारीख होगी। इस तारीख के बाद, इन 14 देशों के नागरिकों को हज यात्रा पूरी होने तक नए वीजा नहीं दिए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को वीजा प्रक्रिया को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं।




# बांग्लादेश की यूनुस सरकार का भारत विरोधी एजेंडा सामने आया

## चीन को कोलकाता के पास पोर्ट सौंपा, पाकिस्तान के साथ मिलकर एयरबेस बना रहा

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। बिम्सटेक समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपए) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी जे.एफ-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ये सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही विपक्षी गठबंधन ने इंडिया आउट कैंपेन शुरू कर दिया था। अब यूनुस की पार्टी एनसीपी खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है। यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है। इस बयान पर पूर्वोत्तर भारत के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कुछ ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश को तोड़ देना चाहिए। चिटगांव यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर डॉ. फारिदुल आलम ने कहा कि आज के दौर में किसी बड़े पड़ोसी देश से दुश्मनी रखकर फायदा नहीं हो सकता।



# पाकिस्तानियों को बचाने के लिए पहुंचे भारत के मार्कोज कमांडो

## बीच समुंदर में चलाया ऑपरेशन, दुनिया हैरान

एजेंसी

दुनियाभर में अपनी ताकत के लिए महशूर भारत के मरीन कमांडोज यानी मार्कोज ने एक ऐसा ऑपरेशन किया है। जिसकी चर्चा अब हर जगह हो रही है। समुंदर के बीच फंसे पाकिस्तानी ने भारत को पुकारा तो भारत के कमांडोज भी मदद के लिए पहुंच गए। दरअसल, समुंदर के बीचों-बीच 16 लोग बड़ी मुश्किल में फंस गए। इनमें 5 ईरानी, 9 बलूच और दो पाकिस्तान के सिंध प्रांत के थे। इन लोगों ने मदद के लिए हर तरफ हाथ पैर मार लिया, लेकिन बचाने भारत आया। संयोग देखिए कि बलूचिस्तान और सिंध प्रांत के लोग पाकिस्तान से अलग होने की मांग करते आए हैं। बलूचिस्तान और सिंध प्रांत के लोग हमेशा से बोलते आए हैं कि पाकिस्तान के लिए हमारी जान की कीमत नहीं है और इस बार ये साबित भी हो गया। इन लोगों ने मदद मांगी लेकिन पाकिस्तान बचाने नहीं आया। मगर भारत के कमांडोज बचाने के लिए पहुंचे। भारतीय नौसेना के अग्रिम पंक्ति के युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद ने मध्य अरब सागर में एक पाकिस्तानी चालक दल के सदस्य को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए तुरंत कार्रवाई की। अलर्ट मिलने के समय यह जहाज ओमान तट से करीब 350 समुद्री मील की दूरी पर था। तुरंत कार्रवाई करते हुए, आईएनएस त्रिकांड के चालक दल ने कॉल की जांच की और पाया कि इंजन पर काम करते समय नाव पर सवार एक नाविक की उंगलियों में गंभीर चोटें आई थीं। चोट की गंभीर प्रकृति के कारण, चालक दल के सदस्य को पहले ही एक अन्य ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज, एफवी अब्दुल रहमान हंज़िया में स्थानांतरित कर दिया गया था, जो ईरान की ओर बढ़ रहा था। नौसेना ने कहा कि त्रिकांड ने घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए तुरंत अपना मार्ग बदल दिया। एफवी अब्दुल रहमान हंजिया के चालक दल में 11 पाकिस्तानी (नौ बलूच और दो सिंधी) और पांच ईरानी कर्मी शामिल थे। घायल पाकिस्तानी (बलूच) नागरिक के हाथ में कई फ्रैक्चर और गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण बहुत अधिक रक्त बह गया।



**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल-मुंबई-400008

कार्य - मुम्बई मंडल पर विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन।

| नीलामी सूची क्रमांक. | नीलामी शुरू ( सभी लॉट ) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-3 | 22-04-25 14:00:00 |

| क्रमांक | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MMCT-PrKiosk-47-24-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk) | चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन) तक स्टेशनों/स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए 3 वर्ष की अवधि के लिए ई-नीलामी | 1096 | 22-04-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (Misc-Static-Services-Medical facilities at station) | माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्षों की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना। | 1826 | 22-04-25 14:40:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक. | नीलामी शुरू ( सभी लॉट ) |
|---|---|
| MMCT-ADVT25-3 | 22-04-25 15:00:00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-GMN- OSN-382-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT- DDR-OSN-375- 24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 21-04-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-BYR-OSN-387-24- 1 (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | भायंदर (बीवाईआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 21-04-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-372- 24-1 (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | मुंबई सेंट्रल लोकल स्टेशन (एमएमसीटी) पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 21-04-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-PL-OSN-374-24-1 (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | लोअर परेल (पीएल) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-KILE-OSN-383- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | कांदिवली (केआईएलई) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-JOS-OSN-380- 24-1 (Advertising- On Station Premise (Non-Digital)) | जोगेश्वरी (जेओएस) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:30:00 |
| 8 | ADVT-BCT-NIG-OSN-388- 24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | नायगांव (एनआईजी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:40:00 |
| 9 | ADVT-BCT-DIC-OSN-385- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | दहिसर (डीआईसी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 16:50:00 |
| 10 | ADVT-BCT-NSP-OSN-390- 24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:00:00 |
| 11 | ADVT-BCT-RMAR-OSN-381- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | राम मंदिर (आरएमएआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:10:00 |
| 12 | ADVT-BCT-RMAR-OSN-389- 24- (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | वसई रोड (बीएसआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:20:00 |
| 13 | ADVT-BCT-RMAR-OSN-371- 24- (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:30:00 |
| 14 | ADVT-BCT-RMAR-OSN-386- 24- (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | मीरा रोड (एमआईआरए) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:40:00 |
| 15 | ADVT-BCT-RMAR-OSN-384- 24- (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | बोरीवली (बीवीआई) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 21-04-25 17:50:00 |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण वहाँ उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध है। 0015

: facebook.com/WesternRly • : X.com/WesternRly

# लूट, वसूली, हेराफेरी... सब मोदी सरकार के पर्याय बन चुके हैं

## एलपीजी दाम बढ़ने पर बोले खड़गे



एजेंसी

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को बताया कि रसोई गैस या घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। सब्सिडी वाले और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए कीमत में बढ़ोतरी की गई है। अब इसको लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि छढत्रं गैस सिलेंडर की ही कमी रह गई थी, मोदी जीङ्ख । इस बार तो महँगाई का चाबुक उज्जवला की गरीब महिलाओं की बचत पर भी चल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि लूट, वसूली, हेराफेरीङ्खसब मोदी सरकार के पर्याय बन चुके हैं ।टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हम इस तरह की मूल्य वृद्धि का कड़ा विरोध करते हैं। यह लोगों पर बोझ है। केंद्र सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण जनविरोधी है। ये मूल्य वृद्धि 'रोटी, कपड़ा और मकान' से संबंधित वस्तुओं के लिए है। हम इसकी निंदा करते हैं। पिछले सप्ताह, वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 41 रुपये की कमी की गई थी। मूल्य संशोधन ने रेस्तरां, होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को प्रभावित किया जो दैनिक कार्यों के लिए इन सिलेंडरों का उपयोग करते हैं। आज ही पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर अपना उत्पाद शुल्क भी बढ़ा दिया है, हालांकि, इस बढ़ोतरी का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा और इसका बोझ तेल विपणन कंपनियों द्वारा उठाया जाएगा। एक आधिकारिक आदेश में बताया गया कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि शुल्क में वृद्धि अप्रैल 2025 की 8 तारीख को लागू होगी।

**टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हम इस तरह की मूल्य वृद्धि का कड़ा विरोध करते हैं। यह लोगों पर बोझ है। केंद्र सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण जनविरोधी है। ये मूल्य वृद्धि 'रोटी, कपड़ा और मकान' से संबंधित वस्तुओं के लिए है। हम इसकी निंदा करते हैं।**

# अगर सपा सांसद सुमन को कुछ हुआ तो सीएम होंगे जिम्मेदार

## राणा सांगा विवाद में अखिलेश की दो टूक

एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन को कुछ भी होता है तो इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिम्मेदार होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एक छिपी हुई ताकत को बढ़ावा दे रहे हैं जो लोगों को अपमानित कर रही है और विपक्षी आवाजों को निशाना बना रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि अगर रामजी लाल सुमन (सपा सांसद) या किसी सपा नेता के साथ कोई घटना होती है तो उसके लिए खुद सीएम जिम्मेदार होंगे। क्योंकि सीएम ने खुद उस संगठन को अपना आशीर्वाद दिया हुआ है, जितने भी लोग आप वहां देख रहे हैं। अखिलेश ने आगे कहा कि हमें जाति की बात नहीं करनी चाहिए लेकिन हम यहां जाति कनेक्शन देख सकते हैं। सीएम खुद इन सबको बढ़ावा दे रहे हैं। हिटलर के जमाने में फौजी होते थे। इसी तरह इन्होंने एक छिपी हुई भूमिगत सेना तैयार कर रखी है जो समय-समय पर लोगों का अपमान कर रही है। यह टिप्पणी आगरा में सुमन के आवास पर करणी सेना के सदस्यों द्वारा किए गए हमले के मद्देनजर आई है। पिछले महीने, संगठन ने संसद में सुमन के बयान का विरोध किया था, जिसमें उन्होंने राजपूत राजा राणा सांगा को ₹देशद्रोही₹ कहा था ।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जो लोग कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का दावा करते थे, वे अब खुद इसमें उलझे हुए हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना दावा किया, ₹उनके अपने ही एक अधिकारी को पकड़ा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों के लिए भाजपा का दृष्टिकोण बिचौलियों के इर्द-गिर्द केंद्रित है। यादव ने कहा, भाजपाई किसानों की जमीन और कारोबार को बड़े स्तर पर पूंजीपतियों को दे देना चाहते हैं, जिससे उनसे सीधे मोटा चंदा वसूला जा सके। यादव आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश का जिक्र कर रहे थे



## किरेन रिजिजू ने सीएम उमर अब्दुल्ला के साथ ट्यूलिप गार्डन की सैर की, भड़क गईं महबूबा मुफ्ती

एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को श्रीनगर के खूबसूरत ट्यूलिप गार्डन में एक साथ शांतिपूर्ण सुबह की सैर का आनंद लिया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। सोशल मीडिया पर किरेन रिजिजू ने लिखा, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में ट्यूलिप गार्डन के जीवंत रंगों के बीच माननीय सीएम उमर अब्दुल्ला जी के साथ एक ताजा सुबह की सैर और डॉ फारूक अब्दुल्ला साहब से मिलकर भी खुशी हुई।

**पश्चिम रेलवे**

**सिग्नलिंग केबल शिफ्टिंग कार्य**

वरिष्ठ डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008 **निविदा संख्याः** SG_216_2_108_160 किमी प्रति घंटा दिनांकः 01.04.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थानः मुंबई मंडल के विरार-सूरत खंड में टीएसएस/एसपी/एसएसपी के प्रतिस्थापन के संबंध में सिग्नलिंग केबल शिफ्टिंग कार्य, गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में। **कार्य की लगभग लागतः** रु. 4,02,10,597.22। **ईएमडीः रु.** 3,51,100/-। **जमा करने की समय और तिथिः** 22.04.2025, 15:00 बजे तक। खुलने का समय और तारीखः 22.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ 0018

: facebook.com/WesternRly

## संक्षेप

### वन संरक्षण के लिए ऑक्सीजन मास्क लगाकर धरना

**तीन संगठनों ने पीएम को भेजा ज्ञापन, अवैध पेड़ कटाई रोकने की मांग**

सुलतानपुर, तीन प्रमुख सामाजिक संगठनों ने वन संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इन संगठनों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक संयुक्त ज्ञापन भेजा है। कटका क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ मिश्र 'विनम्र', लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन के अनमोल अग्रहरि और युवा सत्य सेना संगठन के संतोष पाण्डेय उर्फ रिंकू ने यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें की गई हैं। पहली, अवैध वृक्ष कटान पर सख्त कार्रवाई की जाए। दूसरी, वनों की पुनःस्थापना की जाए। तीसरी, वन क्षेत्रों की सुरक्षा बढ़ाई जाए। चौथी, पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। संगठनों ने चिंता जताई है कि देश में अवैध पेड़ कटाई तेजी से बढ़ रही है। इससे जलवायु परिवर्तन, सूखा, बाढ़ जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

### ममेरे भाई की हत्या करने वाला गया जेल

**पंचायत करेगी परिवार के बहिष्कार का फैसला, परिजन बोले- हमारा क्या कुसूर**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। धर्मदासपुर दहेलवा पच्छू डेरा गांव में रजनू ने अपने ममेरे भाई गुलफाम की कल कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रजनू और गुलफाम के घर महज 50 कदम की दूरी पर हैं। रजनू कुल्हाड़ी लेकर निकला और गुलफाम को देखते ही उसने आपा खो दिया। गाली-गलौज के बाद विरोध करने पर रजनू ने गुलफाम के सिर और गर्दन पर कुल्हाड़ी से कई वार किए। गुलफाम की मौके पर ही मौत हो गई। छोटे भाई की तहरीर पर दर्ज हुआ है केस ग्रामीणों ने चीख-पुकार सुनकर आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मृतक के छोटे भाई मन्नन की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। 28 वर्षीय गुलफाम हैदराबाद में मजदूरी करता था और दो दिन पहले ही घर लौटा था। उसकी बहन की शादी आरोपी के छोटे भाई से हुई है।

### डीआईजी मुनिराज का अमरोहा दौरा

**पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण, अभिलेखों की जांच और कर्मचारियों को निर्देश**

अमरोहा, मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मुनिराज ने अमरोहा का दौरा किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की मौजूदगी में पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। डीआईजी ने सबसे पहले गार्ड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने कार्यालय परिसर का भ्रमण किया। वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा और प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षण किया।

# क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर ने सुसाइड किया

## वाराणसी में तैनात थे, राइफल से एक गोली मिस हुई तो दूसरी कनपटी पर मारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इंस्पेक्टर तरुण पांडेय (52) ने लाइसेंसी राइफल से सिर में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वह वाराणसी क्राइम ब्रांच में तैनात थे। कुछ दिनों से प्रयागराज स्थित घर पर अकेले रहते थे। उन्होंने म्योर रोड स्थित घर में कनपटी पर गोली मारी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन अंदर से गेट बंद था। आवाज देने पर कोई रिस्पान्स नहीं मिला तो पड़ोसियों ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस बुलाई। पुलिस गेट फांदकर अंदर गई तो इंस्पेक्टर का खून से लथपथ शव बेड पर पड़ा था। तरुण पांडेय को सितंबर में गैरहाजिर होने के चलते सस्पेंड किया गया था। वह रीढ़ की हड् ?डी में बीमारी के चलते परेशान थे। दिल्ली में उनका इलाज चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, इंस्पेक्टर तरुण पांडेय ने कनपटी में गोली मारी। शव बेड पर था। दोनों पैर जमीन की तरफ थे और पैर के बीच में राइफल थी। आधा शरीर बेड पर और पैर बेड से नीचे थे। जमीन पर बीयर की एक बोतल भी गिरी थी। इंस्पेक्टर के एक हाथ में मोबाइल था, जिसमें दिख रहा था कि वह किसी को वॉयस रिकॉर्डिंग भेजने जा रहे थे। वॉयस रिकॉर्डर ऑन था, हालांकि क्या कुछ रिकॉर्ड हो पाया था या नहीं, इस पर पुलिस अभी कुछ बता नहीं रही है। वह किसको रिकॉर्डिंग भेज रहे थे। यह पता नहीं चल पाया है। प्रयागराज डीसीपी अभिषेक भारती ने कहा- इंस्पेक्टर ने जिस राइफल से सुसाइड किया उसे जब्त कर लिया गया है। इंस्पेक्टर यहां अकेले थे, इसलिए शव को पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया गया। सूचना परिवार को दी गई है। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच में पाया कि एक गोली मिस हो गई, जबकि दूसरी गोली गले के निचले हिस्से को चीरती हुई सिर के ऊपरी हिस्से से आर-पार हो गई। इसके बाद गोली छत पर जा लगी। छत का प्लास्टर उखड़ गया। खून से लथपथ इंस्पेक्टर का चेहरा पहचानना मुश्किल हो रहा था। क्योंकि, गले में गोली लगने से उनकी आंखें तक बाहर निकल आई थीं। प्रयागराज के थरवई के रहने वाले सुनील यादव इंस्पेक्टर तरुण पांडेय की कार चलाते थे। उसने बताया कि साहब ने हमें 10 दिन पहले छुट्टी दी थी और कहा था कि तुम अपने घर जाओ। हम इलाज के लिए दिल्ली जा रहे हैं। दिल्ली से आने पर कॉल करके बुलाएंगे।

ही वह दिल्ली से प्रयागराज लौटे थे। पत्नी पूनम पांडेय होली के समय ही बेटे ईशान के पास बेंगलुरु गई थीं। मार्च में ही उन्होंने अपनी बेटी अंशु की शादी की थी। रविवार की देर रात बेटी अंशु पति के साथ लखनऊ से प्रयागराज पहुंच गईं। एसीपी कर्नलगंज राजीव यादव ने बताया- हर पहलु पर जांच की जा रही है। मोबाइल कब्जे में लिया है।

# जुआ खेलते 8 लोग गिरफ्तार

## पुलिस ने छापेमारी कर 7.61 लाख रुपए और 12 मोबाइल जब्त किए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, अतरसुइया थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 7.61 लाख रुपए नकद, 14,500 रुपए जामातलाशी में, 23 गड्डी ताश और 12 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।




पकड़े गए आरोपियों में रानीमंडी निवासी मुखतार हैदर, बहादुरगंज के नवीन कुमार गुप्ता, मुट्ठीगंज के आलोक श्रीवास्तव, करैली के रामबाबू निषाद और आकाश निषाद शामिल हैं। इसके अलावा मीरापुर के दिलीप कुमार यादव, खुल्दाबाद के राजेंद्र कुमार और धूमनगंज के विकास केसरवानी को भी गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में उप-निरीक्षक अजय कुमार चौरसिया, अभिषेक वर्मा, हीरा लाल और रामेंद्र कुमार सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे। सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# सपा में संगठन विस्तार पर जोर

- गौरीगंज कार्यालय में कई नए सदस्य शामिल, बोले- समर्पण से काम करें कार्यकर्ता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान श्याम लाल कोरी, राजेश यादव, राजवीर मौर्य, राजेंद्र यादव और राम सिंह यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने नए सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का विस्तार तभी संभव है जब कार्यकर्ता समर्पण भाव से काम करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज के सभी वर्गों की आवाज है। पार्टी का लक्ष्य संगठन को गांव-गांव और बूथ-बूथ तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी आने वाले चुनावों में जनहित के मुद्दों पर निर्णायक भूमिका निभाएगी। बैठक में इनकी रही मौजूदगी बैठक में जिला महासचिव अरशद अहमद, चन्द्र शेखर यादव, अजय तिवारी, महिला सभा जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। पार्टी प्रवक्ता राजेश मिश्र ने इस बैठक की जानकारी दी।




# मयंक ट्रेडर्स पर जीएसटी का छापा

## एक्सपायरी गुटखा बरामद; 4 घंटे तक चली जांच; मालिक फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, केंद्रीय जीएसटी टीम ने बांदा के नजर बाग में एसएनके गुटखा के सुपर स्टॉकिस्ट मयंक ट्रेडर्स पर छापेमारी की। नौ सदस्यीय टीम ने चार घंटे तक जांच की। टीम ने चार गोदामों में रखे माल की जांच की और दस्तावेज संग्रहित किए। छापेमारी की जानकारी सुनते ही फर्म के मालिक मयंक अग्रवाल और कर्मचारी गोदाम में ताला लगाकर भाग गए। टीम के बुलाने पर कर्मचारी वापस आए और गोदामों को खोला। जांच के दौरान टीम को एक्सपायरी माल मिला। केंद्रीय जीएसटी निवारक शाखा प्रयागराज के सहायक आयुक्त हेमनाथ झा ने बताया कि फर्म के मालिक ने पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए। उन्होंने कहा कि कारोबारी को मौके पर ही सभी दस्तावेज दिखाने चाहिए थे। मयंक ने आश्वासन दिया है कि वह कार्यालय आकर बाकी दस्तावेज जमा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि सभी प्रपत्रों की जांच के बाद देनदारी तय की जाएगी। अगर कोई गड़बड़ी मिली तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, मालिक मयंक अग्रवाल का कहना है कि यह छापेमारी नहीं बल्कि सिर्फ एक सर्वे है।



# एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

- 25 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार, राकेश हत्याकांड के मामले में थे वांछित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, कोतवाली कादीपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी कादीपुर के मार्गदर्शन में यह गिरफ्तारी की गई। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुढ़ाना डबल नहर के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ा। इस मामले में थाना कादीपुर में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शशिप्रकाश वर्मा, हेड कांस्टेबल शैलेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल रितेश कटियार, चंदन साहनी और धर्मेंद्र सिंह शामिल थे। स्वाट टीम से प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा, उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।



# कंपनी कर्मचारी की करंट से मौत

## 12 घंटे तक छिपाई घटना, परिजनों ने की मुआवजे की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, कमरौली थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित वाइप कंपनी में एक कर्मचारी की करंट से मौत हो गई। मृतक की पहचान चिलौली गांव निवासी रमन तिवारी के रूप में हुई है। काम के दौरान रमन करंट की चपेट में आ गए। वह सीढ़ियों पर गिर पड़े। कंपनी ने करीब 12 घंटे तक इस घटना की जानकारी परिजनों को नहीं दी। परिवार के लोग फोन करते रहे। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब परिजन कंपनी पहुंचे तो रमन का शव सीढ़ियों पर पड़ा मिला। शव को सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने कई घंटे पहले ही मौत की पुष्टि की। मृतक के चाचा बृजेश कुमार तिवारी ने बताया कि रमन के दो छोटे बच्चे हैं और मां बीमार है। परिजनों ने कंपनी से मुआवजे की मांग की है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च उठाने की भी मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह मौके पर पहुंचे। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन भी वहां एकत्र हो गए। परिजनों में कंपनी प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। वे घटना की जानकारी छिपाने को लेकर कंपनी की लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।



# ईनामी गैंगस्टर से पुलिस की मुठभेड़

## आरोपी ने पुलिस ने चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में हुआ घायल; गोकशी के मामले में चल रहा था फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, खैर थाना क्षेत्र में क्रिमिनल इंटेलीजेंस (ग्रामीण) और थाना पुलिस की गोकशी में फरार चल रहे गैंगस्टर से मुठभेड़ हो गई। पुलिस से खुद को घिरा देखकर आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद टीम ने खुद को बचाते हुए जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। जिसके बाद आरोपी ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पास से एक बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। सीओ खैर वरुण कुमार ने बताया कि खैर कस्बा के जंगलगढ़ी मुहल्ला तकया निवासी अमान कुरैशी पुत्र इस्लाम कुरैशी गोकशी के अपराध में फरार चल रहा था। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी के निर्देशन में टीमें भी गठित की गई थी। पुलिस को मुखबिर के जरिए आरोपी की सूचना मिली थी। जिसके बाद क्रिमिनल इंटेलीजेंस और थाने की फोर्स आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तैयार हो गई थी। 6 अप्रैल की सुबह लगभग 4 बजे पुलिस को आरोपी के आने की सूचना मिली थी। पुलिस उटवारा की तरफ से कच्चे रास्ते से उटवारा नहर पुल की तरफ आरोपी का इंतजार कर रही थी। जहां आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हुई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ खैर और गोंडा थाने में 12 नामजद मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी हो चुकी है। जिसके चलते पुलिस ने आरोपी के ऊपर 25 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया था। आरोपी खैर क्षेत्र में होने वाली गोकशी की घटनाओं में शामिल था। जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी है। जिसके बा पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खैर क्षेत्र में होने वाली गोकशी की कई घटनाएं कबूल भी की हैं।



आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी खैर अरढ अरीबा नोमान, इंस्पेक्टर डीके सिसौदिया, एसआई गंगाराम गंगवार, एसआई जगदीश कुमार, एसआई अरुण तेवतिया, क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग के हेड कांस्टेबल विनीत कुमार, शीलेश यादव, अंकित कुमार, गौरव तोमर, कांस्टेबल गौरव चौधरी, कुलदीप फौजदार, आदित्य चौधरी, शिवम यादव, खैर थाने के कांस्टेबल प्रशांत कुमार, विजयपाल, सार्थक चौधरी, कुलदीप कुमार, अंकुश वेदवान, उज्जवल और हेड कांस्टेबल उमेश कुमार शामिल रहे।

# परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प की समीक्षा

## भेटुआ में 19 पैरामीटर पर हुई विशेष बैठक, 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, क्षेत्र पंचायत भेटुआ में सीखो सिखाओ फाउंडेशन और इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव संस्था के सहयोग से शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प की 19 पैरामीटर पर समीक्षा की गई। ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला ने उच्चाधिकारियों से चर्चा कर सभी कार्यों की रिपोर्ट 7 दिन के भीतर कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों की आवश्यकताओं की पूर्ति पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही कहा कि बच्चों को संसाधनों के अभाव में न पढ़ना पड़े। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार यादव ने संस्था के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर योजना बनाएंगे। इससे परिषदीय विद्यालयों के कार्यों को निष्पादित किया जा सकेगा। बैठक में क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष आकर्ष शुक्ला, खंड विकास अधिकारी छत्रपाल सिंह और एडीओ आईएसबी कुंवर विक्रम सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा बाल विकास परियोजना की मुख्य सेविका प्रभावती सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद्र पांडेय और प्रभारी एडीओ (पंचायत )मनीष कुमार के साथ सभी ग्राम पंचायतों के सचिव भी उपस्थित थे। सीखो सिखाओ फाउंडेशन अमेठी के जिला समन्वयक अवनीश शर्मा सहित सभी सचिव भी बैठक में शामिल हुए।



# नशा मुक्त अभियान को मिली सफलता

## संग्रामपुर पुलिस ने ढाई किलो गांजा के साथ तस्कर को दबोचा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, नशा मुक्त अभियान के तहत संग्रामपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। थाना प्रभारी संदीप राय के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सरैया रामगढ़ गांव के पास शाम 5:35 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पूछताछ में उसकी पहचान रामगढ़ निवासी दद्दन सिंह के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 2 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद हुआ। साथ ही गांजा बिक्री से कमाए 1100 रुपये भी मिले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।




# डीजल के दाम को लेकर पेट्रोल पंप पर हंगामा

## मथुरा में कर्मचारी को हथियार से किया घायल, नकदी भी लूटी; सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा, गोवर्धन में स्थित जगन प्रसाद फिलिंग स्टेशन अड़ींग पर डीजल के दाम को लेकर विवाद हो गया। कुछ लोगों ने पंप कर्मचारी से मारपीट की। आरोपियों ने अपनी गाड़ी में डीजल भरवाया और बिना वजह झगड़ा शुरू कर दिया। घटना में पंप के मुनीम के भाई शिवकुमार यादव को निशाना बनाया गया। हालांकि डीजल खेमचंद सेल्समैन ने भरा था। विवाद की शुरूआत तब हुई जब गाड़ी नंबर वढ 85 उश 6138 में 3670 रुपए का डीजल भरा गया। गाड़ी के मालिक ने कहा कि टंकी 3300 रुपए में फुल होती है। सेल्समैन खेमचंद ने मीटर जीरो दिखाकर डीजल भरने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर संदेह है तो 5 लीटर डालकर जांच कर सकते हैं। आरोपियों ने पंप मालिक से भी बात की, लेकिन फिर भी झगड़ा करते रहे। इसके बाद उन्होंने शिवकुमार को बुलाकर गालियां दीं और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। आरोपियों ने शिवकुमार को पंप ऑफिस तक खदेड़ा और मारपीट की। एक व्यक्ति ने पीछे से शिवकुमार के सिर पर हथियार से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। झपटमारी में पंप का कैश भी गायब हो गया। पुलिस ने शिवकुमार का मेडिकल कराया है

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।